इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से
प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला
भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षो से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स
एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

वर्ष- 43 अंक -254 राजनांदगांव, बुधवार 31 जुलाई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## वायनाड में 4 घंटे में 3 लैंडस्लाइड, 125 मौतें : सेना-एयरफोर्स रेस्यू में जुटी; केरल में भारी बारिश का अलर्ट

वायनाड (केरल)। केरल के वायनाड जिले में मेप्पाडी के पास पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की खबर है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण अबतक 123 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 128 घायल हुए हैं। वहीं सैकड़ों लोगों के फंसे होने की आशंका है। स्थानीय आपदा मोचन बल के जवान राहत और बचाव कार्य चला रहे हैं। बारिश के कारण कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

**8 जिलों में स्कूल बंद**

### सीएम विजयन ने की उच्च स्तरीय बैठक

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मंगलवार को वायनाड में भूस्खलन के बाद बचाव कार्यों के समन्वय और पहाड़ी जिले में बड़े पैमाने पर भूस्खलन के मद्देनजर आगे के कदमों पर चर्चा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। इस भूस्खलन में कम से कम 123 लोगों की जान चली गई और 128 से अधिक लोग घायल हो गए। कई विभागों के शीर्ष नौकरशाहों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में सीएम विजयन ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### फंसे लोगों को निकालने के लिए लगाए गए हेलिकॉप्टर

वायु सेना स्टेशन, सुलूर से दो हेलिकॉप्टर लोगों को तेजी से बाहर निकालने के लिए तैनात किए गए हैं। इसके अलावा नौसेना की रिवर क्रॉसिंग टीम भी बचाव में जुटी है। मुख्यमंत्री विजयन के ओएसडी एस कार्तिकेयन को सभी बचाव एजेंसियों के बीच समन्वय का काम सौंपा गया है।

### एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों के साथ सेना का बचाव अभियान जारी

वहीं वायनाड में भूस्खलन के बाद बचाव अभियान पर भारतीय सेना ने बताया कि भारतीय सेना, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर वायनाड के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान चला रही है। मुदक्कई गांव से करीब 150 लोगों को बचाया गया है, उन्हें चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। ऑपरेशन के लिए पहले से ही तैनात लगभग 225 कर्मियों की कुल क्षमता वाली चार टुकड़ियों के अलावा, लगभग 140 कर्मियों की क्षमता वाली दो और टुकड़ियां तिरुवनंतपुरम में स्टैंडबाय पर हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें कम समय में हवाई मार्ग से पहुंचाया जा सके।

## राहुल बोले- अनुराग ने गाली दी, उनसे माफी नहीं चाहिए: ठाकुर ने कहा था- जिसकी जाति का पता नहीं, वे जातीय जनगणना की मांग कर रहे

नई दिल्ली। लोकसभा में मंगलवार को राहुल गांधी और अनुराग ठाकुर के बीच गरमागरम बहस देखने को मिली। विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुवाई में जाति जनगणना की मांग पर चल रही बहस निजी टिप्पणियों तक पहुंच गई।

### अनुराग ठाकुर के बयान पर सदन में हंगामा

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि चर्चा के दौरान बिना किसी के नाम लिए ही कहा कि जिनकी जाति का कुछ पता ही नहीं है, वह भी जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं। वहीं, अनुराग ठाकुर के इस बयान पर सदन में खूब हंगामा देखने मिला।

### राहुल गांधी ने किया पलटवार

राहुल गांधी ने भाजपा सांसद की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आपको जितना भी मेरा अपमान करना है कीजिए, लेकिन जातिगत जनगणना को हम यहां पास कर के रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी वंचितों के लिए लड़ता है, उसका अपमान किया जाता है। इस पर सत्ता पक्ष से एक सांसद ने चिल्लाकर तंज लहजे में कहा कि उसमें आपको भी अपनी जाति लिखनी पड़ेगी।

### हर बार आती है पर्ची: ठाकुर

अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा से ही आरक्षण के विरोध में रही है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि इन्हें भाषण देने के लिए हर बार पर्ची आती है। उधार के दिमाग से राजनीति नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मैंने जो कहा था वह यह था कि जो लोग जाति के बारे में नहीं जानते, वे जनगणना की बात कर रहे हैं। मैंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन देखिए जवाब देने के लिए कौन खड़े हो गए।

### अनुराग ठाकुर ने किया है मेरा अपमान: राहुल गांधी

वहीं, राहुल गांधी को जब दोबारा बोलने का मौका मिला तो उन्होंने कहा कि जो कोई भी दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए बोलता है और उनके लिए लड़ता है, उसको अपमानित किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि अनुराग ठाकुर ने मेरा अपमान किया है, उन्होंने मुझे गाली दी है, लेकिन मैं उनसे माफी नहीं चाहता हूं। मैं लड़ाई लड़ रहा हूं और आगे भी लड़ता रहूंगा। आप मुझे जितना चाहे अपमानित कर लें, मैं माफी नहीं चाहता।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी नाजायज, केजरीवाल के समर्थन में इंडिया गठबंधन का जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। इंडिया गठबंधन ने संसद के अंदर ही नहीं बाहर भी एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस क्रम में गठबंधन की तरफ से नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी, गिरती सेहत के विरोध में हैं। इस प्रदर्शन कांग्रेस नेता गौरव गोगोई और प्रमोद तिवारी शामिल हुए। आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल राय समेत कई दिग्गज शामिल हुए।

शरद पवार, अखिलेश यादव भी प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि बीजेपी और नरेंद्र मोदी की सरकार अगर यह भ्रम में है कि वह पुलिस और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग से विपक्ष के नेताओं को डरा सकते हैं तो वह गलतफहमी में हैं। आज जंतर-मंतर की इस सभा ने बीजेपी के इस भ्रम को तोड़ दिया है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी नाजायज- कांग्रेस

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार की श्वष्ठ ने अरविंद केजरीवाल की नाजायज गिरफ्तारी की। इसके बाद निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी लेकिन उन्हें छोड़ा नहीं गया। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले अरविंद केजरीवाल जी इसे इतना डरते हैं कि वह चाहते हैं सीएम केजरीवाल जेल से बाहर ना निकल पाएं। केंद्र की सत्ता में बैठे दो डरपोक लोगों के निर्देश पर सीबीआई से केजरीवाल जी को असंवैधनिक तरीके गिरफ्तार करा दिया गया।

### शरद पवार का केंद्र पर वार

इंडिया गठबंधन के घटक एनसीपी (शरदचंद्रपवार) के नेता शरद पवार ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी को दिल्ली की जनता ने तीन बार अपना मुख्यमंत्री चुना है। दिल्ली में उनके शासन ने पूरे देश के सामने उदाहरण पेश किया है। जनता को उनका भरपूर प्यार मिला। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हावड़ा से मुंबई जा रही ट्रेन के 18 डिब्बे पटरी से उतरे, दो की मौत, 20 घायल

चक्रधरपुर। झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में मंगलवार तड़के ट्रेन नंबर 12810 मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना में दो लोगों की मौत की खबर है। वहीं, 20 यात्री घायल हो गए।

कुल घायलों में पांच लोगों को हल्की चोटें आई हैं और उनका घटनास्थल पर ही इलाज कर दिया गया। हालांकि, कुछ यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हावड़ा से सोमवार रात को निकली यह ट्रेन मंगलवार तड़के ही हादसे का शिकार हुई। चक्रधरपुर रेलवे संभाग के पीआरओ ने बताया कि यात्रियों को रवाना करने के लिए ट्रेन का इंतजाम किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जमशेदपुर से करीब 80 किलोमीटर दूर बाराबाम्बो के पास सुबहर 3 बजकर 45 मिनट पर हुई। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## यूपी में पेपर लीक के लिए नया कानून पास, संपत्ति भी हो सकती हैं जब्त; एक करोड़ तक जुर्माना

नई दिल्ली। यूपी विधानसभा में पेपर लीक के लिए नया कानून पास हो चुका है। नकल माफिया पर नकेल कसने के लिए अब नया कानून जांच एजेंसियों का हथियार बनेगा। उप्र सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधना का निवारण) विधेयक-2024 विधानसभा में पास हो गया है। नए कानून के तहत अब परीक्षा में नकल व पेपर लीक कराने वाले गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो सकेगी। इसके साथ ही लव जिहाद रोकथाम का बिल भी विधानसभा में पास कर दिया गया है। अब पूरे प्रदेश में धोखे से या बलपूर्वक कराए गए मतांतरण के मामलों में कानून और सख्त होगा। इस कानून के तहत दोषियों को उम्रकैद तक की सजा होगी। गंभीर अपराधों की भांति अब कोई भी व्यक्ति मतांतरण के मामले में भी एफआइआर दर्ज करा सकेगा।

### पेपर लीक कानून- कितना लगेगा जुर्माना?

पेपर लीक कानून में न्यूनतम दो वर्ष से आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान किया गया है। न्यूनतम दो लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक जुर्माना भी होगा। नए कानून के तहत साल्वर गिरोह के अपराध की पुनरावृत्ति करने पर आजीवन कारावास से न्यूनतम 50 लाख रुपये जुर्माने तक की व्यवस्था की गई है।

परीक्षा संचालित कराने वाले एजेंसी व उसके संचालकों की जिम्मेदारी तय किए जाने के साथ ही गड़बड़ी पर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई के कड़े प्रावधान किए गए हैं। नए कानून के तहत दोषियों की संपत्तियां भी जब्त की जा सकेंगी। पुलिस भर्ती व आरओ-एआरओ परीक्षा के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अनंतनाग : फिर जल गए कश्मीरी पंडितों के मकान

अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के मट्टन इलाके में रविवार को एक रहस्यमय की घटना में विस्थापित कश्मीरी पंडित समुदाय के चार घर जलकर खाक हो गए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद कश्मीरी पंडितों के संगठनों ने गंभीर चिंता जाहिर की है। दरअसल रविवार को अनंतनाग जिले के मट्टन इलाके के लोन मोहल्ला में रात करीब एक बजे एक वीरान पड़े मकान से अचानक आग के शोले उठने लगे, इससे आसपास के कश्मीरी पंडित समुदाय के पुराने चार मकान जलकर खाक हो गए।

घटना की जानकारी तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पंहुची फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां ने घंटों के मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नए राज्यपाल रामेन डेका पहुंचे राजधानी : पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत, सीएम साय सहित मंत्रियों ने की अगुवाई

रायपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 10 राज्यों के राज्यपालों की नई नियुक्ति की है। जिसमें उन्होंने छत्तीसगढ़ का नया राज्यपाल रामेन डेका को नियुक्त किया है। मंगलवार को नवनियुक्त राज्यपाल रामेन डेका राजधानी रायपुर पहुंच गए हैं। जहां स्टेट हैंगर में धूम-धाम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी स्टेट हैंगर में मौजूद थे और उन्होंने भी उनका स्वागत किया। वे कल राजभवन में शपथ लेंगे। सेवानिवृत राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन को स्टेट हैंगर में बिदाई दी गई। जिसमें सीएम विष्णुदेव साय, मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री केदार कश्यप, पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान सेवा निवृत राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने कहा कि, छत्तीसग? में साय सरकार अच्छा काम कर रही है और डबल इंजन की सरकार में तेजी से काम हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व देश विकसित भारत बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। मेरा छत्तीसगढ़ में काम करने का अनुभव अच्छा रहा और मुझे यहां सरकार और शासन से पूरा सहयोग मिला। यहां के मुख्यमंत्री बहुत सिंपल और सरल है, मुझे उनका पूरा सहयोग मिला है।

मैं छत्तीसगढ़ के विकास की कामना करता हूं। मैं जहां भी रहूंगा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अपना योगदान देता रहूंगा। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोगों की भी तारीफ की है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आंदोलन के बीच खुलासा : चार साल में 8 सौ करोड़ का खेल, स्टील उद्योगों को 10 से 25 प्रतिशत छूट के बाद भी दरों में कमी नहीं

रायपुर। छत्तीसगढ़ में स्टील उद्योगों की बिजली दर में 4 साल पहले बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। जहां वर्ष 2021-22 में स्टील उद्योगों को लोड फैक्टर में मिलने वाली अधिकतम छूट को 8 प्रतिशत से बढ़ा कर 25 प्रतिशत कर दिया गया था। दिलचस्प बात तो यह है कि, छूट की सीमा बढ़ाने के लिए बिजली कंपनी की तरफ से किसी भी तरह का प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग को नहीं दिया गया था। जबकि, इससे उद्योगों को मिलने वाली औसत 300 करोड़ रुपये की छूट बढ़कर 1100 करोड़ रुपये पहुंच गई। इसके कारण स्टील उत्पादकों को प्रति वर्ष लगभग 800 करोड़ का अतिरिक्त लाभ मिला था। लेकिन प्रदेश में स्टील की दरों में कमी के बदले डेढ़ गुना तक वृद्धि की गई थी। ऐसे में अब इसमें 800 करोड़ रुपये के बंदरबांट की आशंका जाहिर की जा रही है।

### ऐसे तय की गई बिजली दरें

छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के विश्वस्त सूत्रों की मानें तो राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा 1 जून 2024 को वर्ष 2024-25 के लिए विद्युत आपूर्ति की नये दरों की घोषणा की गई है। जिसमें उच्चदाब स्टील उद्योगों के प्रति यूनिट ऊर्जा प्रभार में मात्र 25 पैसे (4.10 प्रतिशत) की वृद्धि कर 1 जून 2024 से प्रति यूनिट ऊर्जा प्रभार 6.35 रूपये निर्धारित किया गया है। इसके साथ लोड फैक्टर पर मिलने वाली अधिकतम छूट को 25 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत किया गया है, जो 4 वर्ष पूर्व अचानक 8 प्रतिशत से बढ़ा कर 25 प्रतिशत कर दी गई थी।

### स्टील उद्योगों की बिजली दरों में नहीं हुई है वृद्धि

दरसअल, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने लोड फैक्टर पर मिलने वाली अधिकतम छूट (पॉवर फैक्टर इन्सेन्टिव) को 25 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत किया गया है। जो वर्ष 2021-22 के पूर्व 8 प्रतिशत थी इस तरह वर्तमान छूट भी 2 प्रतिशत अधिक ही रखी गई है। स?टील उद्योगपति इसी छूट को कम किए जाने का विरोध कर रहे हैं। आयोग की तरफ से प्रत्येक वर्ग के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए जो पुनरीक्षित विद्युत दरें घोषित की गई हैं। उनमें खपत के आधार पर ऊर्जा प्रभार में की गई वृद्धि के बावजूद टैरिफ में लोड फैक्टर पर मिलने वाली छूट के द्वारा 713 करोड़ रूपये की छूट हाई इलेक्ट्रिसिटी स्टील उद्योगों को दी जा रही है। यह छूट अन्य किसी भी वर्ग के उपभोक्ता को नहीं मिलती है।

### बिजली कंपनी द्वारा प्रस्ताव नियामक आयोग को नहीं भेजा गया

नियामक आयोग द्वारा छूट की दर 10 प्रतिशत करने की कार्यवाही इसलिए की गई ताकि अन्य श्रेणी के तथा सामाजिक-आर्थिक रूप से प्राथमिकता वाले विद्युत उपभोक्ताओं पर कम भार पड़े। पूर्व में वर्ष 2021-22 में टैरिफ आदेश जारी करते समय लोड फैक्टर छूट, अधिकतम 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया था, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

हेमन साहू 98271-56852 94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

होम्योपैथिक चिकित्सक एवं सलाहकार
डॉ.विशाल गंगवानी
(BHMS, RHSC)
आशीर्वाद डेन्टल क्लीनिक, बसंतपुर रोड, पुराना हॉस्पिटल के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 6264277529
समय प्रतिदिन- प्रातः 10 से 2 बजे तक, सायं 4 से 8 बजे तक
होम्योपैथिक चिकित्सा प्रकृति के नियमों पर आधारित पद्धति है जिसमें मरीज को बिना साईड इफेक्ट के जटिल बिमारियों का जड़ से निदान की व्यवस्था है।
बिमारियाँ
बच्चेदानी में गठान, महावारी की अनियमितता, ओवरी में सिस्ट, एनजाइटी डिजआर्डर, बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना, बच्चों का बहुत हाइपर एक्टिव होना, माइग्रेन, पुराना सरदर्द, एलर्जीक खुजली, एलर्जीक सर्दी-खाँसी, टान्सिलाइटिस, मानसिक तनाव, नींद न आना, डिप्रेशन, अस्थमा, सोरीएसीस, पथरी, ब्लडप्रेशर, मधुमेह, थाइराईड, साईटिका
विशेषकर पुराने जटिल एवं असाध्य रोग
होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में सफलता पूर्वक अनुभव के साथ। हम आज के इस बिमारियों के युग में मरीज की संपूर्ण देखभाल बिना किसी इफेक्ट के होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से प्रभावकारी तरीके से करने हेतु कटिबध्य है।
नया केस अपांइटमेंट के द्वारा लिया जाता है।
अन्य क्लिनिक- चंदखुरी- आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम, चंदखुरी भाटा
(समय : प्रति मंगलवार- प्रातः 10 से 2 बजे तक)

# वार्ड पार्षद सहित इंदिरा नगरवासियों का आज से निगम के सामने धरना-प्रदर्शन

## मामला इंदिरा नगर नाले में अतिक्रमण, बारिश में घरों में घुस रहा नाले का गंदा पानी

राजनांदगांव (दावा)। शहर के वार्ड नंबर 41 इंदिरा नगर में बारिश के दिनों में वार्ड में बहने वाले नाले का गंदा पानी घरों में घुसने से वार्ड वासी काफी परेशान हैं। परेशान वार्ड वासी आज 31 जुलाई को अपने पार्षद चंपू गुप्ता के साथ नगर निगम के सामने धरना प्रदर्शन करने जा रहे हैं।

इस संबंध में वार्ड पार्षद चम्पू गुप्ता सहित वार्ड की महिलाएं व पुरुषों ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि उनके वार्ड नं 41 स्थित नाले का गंदा पानी उनके घरों में प्रवेश कर जा रहा है। वहीं सड़कों में भी घुटनों तक पानी भरा रहता है इससे वे सभी काफी परेशान हैं। इस सब की वजह नाले का अतिक्रमण कर लिया जाना और उसे सही ढंग से नहीं बनाया जाना है।

### नाले का गंदा पानी घरों में

इस संदर्भ में इंदिरा नगर वार्ड पार्षद चम्पू गुप्ता व राजीवनगर (बसंतपुर) के पार्षद ऋषि शास्त्री की उपस्थिति में वार्डवासी ने बताया कि उनके घरों में नाले का गंदा पानी घुसने से उनका रहना-बसना, खाना-पीना सब हराम हो गया है। वार्ड के राजु मंडावी ने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर से लेकर आयुक्त तक शिकायत की जा चुकी है। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा वार्डवासियों को उक्त परेशानी से मुक्ति नहीं दिलाई जा रही है।

वार्ड पार्षद चम्पू गुप्ता ने बताया कि उसकी मां शिवकली गुप्ता के समय इसके निर्माण के लिए 10 फीट चौड़ा व 32 फीट गहरा नाले की खुदाई की गई थी लेकिन शकुंतला देवी व अशोक पंजवानी के पार्षद बनने के बाद इसकी चौड़ाई गहराई घटाकर इसको चाड़ी टाईप बना दिया गया जिससे नाले का गंदा पानी का सही ढंग से निकासी नहीं हो पा रहा है। बारिश के दिनों में उक्त नाले के बौरा जाने से इसका गंदा पानी इंदिरा नगर बस्ती के सड़कें गलियां सहित लोगों के घरों में घुस जाता है। इससे वार्डवासियों का जीना मुहाल हो गया है। पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि सड़क ऊंचा वह नाला गहरा होना चाहिए था लेकिन नाले को कम गहरा बनाकर लोगों के लिए परेशानी खड़ा कर दिया। उन्होंने राजीव नगर वार्ड के जिला चिकित्सालय से लेकर लोहा गोदाम तक अवैध कब्जा होने की बात भी कही तथा कहा कि इंदिरा नगरवासियों की मांग का वह पूरा समर्थन करते हैं।

### कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

बताते चले कि पार्षद चम्पू गुप्ता द्वारा बीते 22 जुलाई को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अधूरे नाले का निर्माण पूर्ण कराने और नाले को उपर किए जाने सहित अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की गई थी। चंपू गुप्ता ने उक्त हेतु एक सप्ताह का समय देते हुए कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। वहीं एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर निगम के सामने अनशन करने की अनुमति भी मांगी थी। अब जब कार्रवाई नहीं होने पर आज नगर निगम के सामने उक्त आंदोलन किया जा रहा है। वार्ड पार्षद चम्पू गुप्ता सहित ऋषि शास्त्री व वार्डवासियों का कहना है कि इतने दिनों तक मांग करने के बावजूद नाले के संबंध किसी प्रकार काम नहीं होने व इंदिरा नगर वासियों के घरों में घुस रहे नाले का गंदा पानी प्रवेश को रोके नहीं जाने से परेशान वार्डवासियों द्वारा आज बुधवार से नगर निगम के सामने धरना प्रदर्शन व अनशन करने जा रहे हैं। कहा गया कि अनशन के दौरान लोगों को कुछ भी होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ा - शंकरपुर शिविर में 163 आवेदन प्राप्त

राजनांदगांव (दावा)। नागरिकों की समस्याओं का वार्ड में ही निराकरण करने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों में 27 जुलाई से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन करने निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक वार्डो में शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में वार्डवासी अपनी समस्या लेकर पहुंच रहे है, आज शंकरपुर स्कूल में वार्ड नं. 7,8,9 व 10 के लिये शिविर आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित होकर आवेदन दिये। विभिन्न समस्या से संबंधित 163 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, के 43 प्रकरणो का त्वरित निराकरण किया गया।

**43 का हुआ निराकरण, 17 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण**

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश एवं उपायुक्त व नोडल अधिकारी मोबिन अली के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारी शिविर में विभिन्न समस्याओं संबंधी आवेदन ले रहे है। आज के शिविर में संबंधित पार्षदों में लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि श्री मंटू यादव उपस्थित रहे। शिविर में मोबाईल मेडिकल युनिट के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गत दिनों मोतीपुर, टाउन हाल, चिखली में आयोजित शिविर में भी वार्डवासी पहुचकर आवेदन लगाये, कुछ आवेदनों का शिविर में ही निराकरण किया गया। कल 31 जुलाई को गौरी नगर सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 11,12 व 13 के लिये तथा 1 अगस्त को वार्ड नं. 16,17 व 18 के लिये आम्बेडकर भवन सिविल लाईन में आयोजित किया जायेगा।

शंकरपुर में वार्ड नं. 7,8,9 व 10 के लिये आयोजित शिविर में 163 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 1 आवेदन जल विभाग के ,राशन कार्ड के 14, जन्म-मृत्यु के 2, प्रधानमंत्री आवास योजना के 63, लोककर्म के 19, विद्युत विभाग के 1, शहरी आजीविका संबंधित 3, श्रमिक कार्ड 1, आधार पंजीयन 22, आयुष्मान पंजीयन 20 प्रकरण आये, प्राप्त प्रकरणों में 43 का शिविर में निराकरण किया गया, जिसमें 1 श्रमिक कार्ड बनाया गया, 20 आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया तथा 22 आधार कार्ड अपडेट किया गया। शेष आवेदनों राशन कार्ड बनाने, नाम जोडने घटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना बी.एल.सी के तहत आवास निर्माण, स्व रोजगार हेतु ऋण, नल कनेक्शन, लाईट लगाने तथा रोड, नाली निर्माण संबंधी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जायेगा। शिविर में स्कूल के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाने रूचि दिखाये। शिविर स्थल पर मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 17 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

आयुक्त श्री गुप्ता ने वार्डवासियों से अपील करते हुये कहा है कि शिविर में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा विभिन्न हितग्राही मूलक योजना राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, जन्म-मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मन कार्ड, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास, स्व रोजगार का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि शेष वार्डो में आयोजित शिविर में भी पहुँचकर शासन की योजना का लाभ ले एवं अपनी समस्या का निराकरण कराये। शिविर में शिविर प्रभारी अधिकारियो में समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू व डागेश्वर कर्ष के अलावा विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### आज रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 31 जुलाई 2024 को सुबह 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक रोजगार एसव्ही राजोरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड एवं सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पद पर केवल पुरूष अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए आयु सीमा 20 वर्ष से 45 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता पांचवी से ग्रेजुएट चाही गई है। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अपने सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### श्रीमती देवकुंवर साहू का निधन

टेड़ेसरा (दावा)। ग्राम टेड़ेसरा निवासी श्रीमती देवकुंवर साहू स्वर्गीय पति अंजोरी साहू उम्र लगभग 85 वर्ष धर्मपत्नी का निधन 30 जुलाई दिन मंगलवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। अंतिम यात्रा में ग्रामीण एवं सगा संबंधी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे परीक्षेत्रीय कबीरपंथी समाज के अध्यक्ष उत्तम साहू एवं मानिकराम साहू की माता थी। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई।

### हाजी शहनवाज खान का निधन

राजनांदगांव (दावा)। जनाब हाजी शहनवाज खान साहब आयु लगभग 77 वर्ष, विद्युत विभाग के रिटायर्ड लाईन इन्सपेक्टर निवासी - कंचन बाग राजनांदगांव का आज आकस्मिक (हार्ट अटैक) निधन हो गया। मरहूम जनाब हाजी शहनवाज खान साहब की अंतिम यात्रा आज शाम 5 बजे उनके निज निवास कंचन बाग राजनांदगांव से मठपारा कब्रिस्तान में नमाजे जनाजा बाद नमाजे असर अदा की गई। अंतिम संस्कार के पश्चात् दिवंगत् आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को शक्ति प्रदान करने अल्लाह से प्रार्थना की गई। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे धार्मिक प्रवृत्ति के सहज एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे।

### डॉ.भगवानी वर्मा का निधन

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम जोगी दल्ली, सहसपुर दल्ली निवासी डॉ. भगवानी वर्मा 55 वर्ष का आज एम्स हास्पिटल रायपुर में निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नि श्रीमती अनिता वर्मा, पुत्र खिलेश्वर वर्मा, टिकेश्वर वर्मा, पुत्री श्रीमती वीणा वर्मा, अनुज संतोष वर्मा सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। सायंकाल उनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम गृह ग्राम जोगी दल्ली में हुआ। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में लोधी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश्वर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजभान वर्मा, नरबद वर्मा, राष्ट्रीय सचिव मूलचंद लोधी, तेजलाल वर्मा, डां.सरजू वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, डा. मदन साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# धरपकड़ अभियान तहत नगर निगम ने आज पकड़े 28 मवेशी

राजनांदगांव (दावा)। घुमंतु मवेशियों की धर पकड के तहत नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान में नगर निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के आंतरिक व बाह्य प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो से 28 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी।

**अब लापरवाह पशुपालकों के विरूद्ध पशुपालक पशुक्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही**

गत दिवस 12 मवेशी पकडने की कार्यवाही की गयी थी। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी। शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा भी घुमन्तु पशुओं को पकड़ने एवं पशु मालिकों को अपना मवेशी घर में बांध कर रखने समझाईस देने के निर्देश दिये गये है। निर्देश के अनुक्रम में निगम द्वारा प्रतिदिन धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। ड्डनगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के आंतरिक व बाह्य प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो गुरूद्वारा के पास, सदर बाजार, बसंतपुर, महामाया चौक, कमला कालेज रोड, आर.के.नगर सहित अन्य क्षेत्रों से घुमन्तु मवेशियों की धरपकड़ के तहत 28 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोड़ने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोड़ा जाता है। गत दिवस विभिन्न मार्गो से बैठे व घुमन्तु 12 मवेशी पकड़े गये थे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौपा जायेगा। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी, जिसके तहत वह प्रथम अपराध की दशा में जुर्माने से 10 रूपये से कम नहीं होगा किन्तु जो 50 रूपये तक का हो सकेगा और द्वितीय या पश्चातवर्ती अपराध की दशा में जो पिछले अपराध किये जाने के 3 वर्ष की अवधि के भीतर किया जाता है, जुर्माने से जो 25 रूपये कम नहीं होगा जो 1 सौ रूपये तक का दण्ड या कारावास जिसकी अवधि 3 माह तक की हो सकेगी अथवा दोनों दण्डों से दण्डित किया जायेगा।

# सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत

राजनांदगांव (दावा)। आज प्रातः शहर के मोहारा रोड में मंगलवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि एक ट्रक के खराब हो जाने के कारण एक्सीडेंट न हो इसलिए डिवाईडर से लगाकर रस्सी बांध दी गई थी। उक्त रस्सी में नाहंदा, खुरसुली की ओर से आ रहा तेज रफ्तार बाईक सवार उलझ कर गंभीर रूप से दुर्घटना ग्रस्त हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी की रस्सी से उलझ कर बाईक सवार का वाहन अलग फेका गया और उसके जिससे सड़क पर जा गिरने से सिर पर गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। घटना स्थल पर खून फैल गया था। उस घटना के संदर्भ में दुकान संचालक का कहना है दुर्घटना ना हो इसी लिए बांधी गई रस्सी से उलझने से उक्त दुर्घटना हुई। वस्तुतः उक्त तेज रफ्तार बाइक सवार ट्रक में बंधी रस्सी को देख नहीं पाया और अचानक यह दुर्घटना घट गई। बताया जा रहा है उक्त रस्सी 2 घंटे पहले श्री राम टाईलस एवं ग्रेनाईट दुकानदार ने बांधी थी क्योंकि टाईलस आयी थी उसे उतारने के लिए रोड पर बांधी रस्सी 1 घंटे तक आने जाने वाले देख कर वापिस हुए वहीं चंद्रा इलेक्ट्रॉनिक में काम करने वाले व्यक्ति कैलाश जो ग्राम नाहंदा -खुरसुली का रहने वाला है वह सुबह 10 बजे अपनी मोटर सायकल से आ रहा था रोड पर बंधी रस्सी देख नहीं पाया और रस्सी से जाकर टकरा गया। घटना इतनी जबरदस्त थी कि बाईक सवार व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। श्री राम टाईल्स के संचालक को बसंतपुर थाने में लाया गया है, वही उक्त दर्दनाक घटना के मृतक को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। फिलहाल घटना की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

# कलेक्टर ने श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के क्रियान्वयन के संबंध में ली बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के निवासियों को अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन कराने श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की गई है।

**पात्र हितग्राहियों को ही यात्रा का लाभ दिलाने के दिए निर्देश**

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्रा के लिए जिले को 93 यात्रियों को ले जाने का लक्ष्य प्राप्त है। जिसमें दो अनुरक्षक शामिल है। 91 यात्रियों में 75 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र से तथा 25 प्रतिशत शहरी के आधार पर लक्ष्य प्राप्त हुआ है। यात्रा के लिए निर्धारित आयु सीमा अधिकतम 75 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा यात्रा के लिए पात्रता निर्धारित की गई है, उसी के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को ही यात्रा के लिए चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्रा के लिए यात्रियों का पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को यात्रा के पूर्व यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, आयुक्त नगर पालिक निगम अभिषेक गुप्ता, उप संचालक समाज कल्याण बीएल ठाकुर, जिला स्तरीय श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्रा समिति के सदस्य मूलचंद लोधी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।


न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व मामला क्रमांक 202407093700034 अ-6 अ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश समरीत आ. कमल प्रसाद समरीत, निवासी-भरकापारा, राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला भरकापारा स्थित शीट क्रमांक 60 बी, भूखण्ड क्रमांक-28/2, क्षेत्रफल 61.00 वर्गमीटर जो धारक प्रकाश कुमार आ. कमला प्रसाद समरीत, निवासी-भरकापारा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड पर आवेदक अपने पिता का नाम सुधार कर सही नाम कमल प्रसाद समरीत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/ मकान/ संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 14.08.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव



शुभांक

अनुमोदित

बी. के
1-6-9
679-2 229-3
राजधानी
4-7-9
247-3 446-4

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ परिणामों ज्योतिष एवं ग्रह गणन के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -समादक


# उदयाचल में तीन दिवसीय ध्यान शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर की सेवाभावी संस्था उदयाचल में आगामी दिनांक 1 से 3 अगस्त तक तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में ध्यान का अभ्यास कराने हेतु प्रमुख रूप से हीरा ग्रुप रायपुर के कार्यकारी निदेशक दिनेश अग्रवाल स्वयं अपनी सेवाएं देंगे। ध्यान की कार्यशाला के विषय- प्रत्याहार, ध्यान, धारणा, समाधि, यम, नियम आसन, प्राणायाम की विस्तृत जानकारी, तनाव व चिंता से मुक्ति, शारीरिक एवं आंतरिक एकाग्रता व शांति लाएं व व्यापार में आत्मविश्वास, निर्भयता व समृद्धि हासिल करें। ध्यान शिविर दिनांक 1 से 3 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 2.30 से 4 बजे रहेगा। जिसके पश्चात सभी प्रतिभागियों के लिए नाश्ते की व्यवस्था उदयाचल में ही रहेगी। संपूर्ण शिविर का शुल्क प्रति व्यक्ति मात्र 150 रु. रखा गया है। पंजीयन हेतु उदयाचल नवीन नेत्र चिकित्सालय के रूम नंबर 8 में संपर्क करें।


नाम परिवर्तन सूचना

एतद् द्वारा सर्वविदित हो कि मेरा वास्तविक नाम दीनूदास मानिकपुरी आ. स्व. विश्राम दास है, जो कि मेरे आधार कार्ड, बैंक पास बुक आदि दस्तावेजों में दर्ज है। पूर्व में मेरा नाम पूरनदास था, जिसे बदलकर अब दीनूदास मानिकपुरी आ. स्व. विश्राम दास रख लिया हूं। भविष्य में मेरे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावे।

शपथकर्ता
दीनूदास मानिकपुरी
आ. विश्राम दास
चौखड़िया पारा, वार्ड नं. 39
तह. व जिला -राजनांदगांव (छ.ग.)



न्यायालय तहसीलदार खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान, गण्डई (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

बी/121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा ग्राम खैरागढ़ प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. खैरागढ़ तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी परिषद खैरागढ़ तहसील खैरागढ़ द्वारा एक रूपये प्रति वर्गफुट की दर से निकाय को भूमि आबंटन के आधार पर नगर खैरागढ़ स्थित ईतवारी बाजार के सामने पास व्यसायिक परिसर निर्माण कार्य जिसका ख.नं. 153 क्षेत्रफल 276 वर्गमीटर भूमि को आबंटन किये जाने बाबूत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्तानुसार ग्राम खैरागढ़ प.ह.नं. 31 स्थित भूमि ख.नं. 153 क्षेत्रफल 276 वर्गमीटर भूमि को व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य हेतु आबंटित किये जाने में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 08/08/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत कालावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 22/07/2024
सुनवाई दिनांक- 08/08/2024

तहसीलदार
खैरागढ़ (छ.ग.)


# 3 लाख तक आयकर में छूट, नाइंसाफी - यशवंत देवान

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश, प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने कहा कि पेंशनर्स चपरासी, संविदा कर्मचारी मात्र 3 लाख तक आयकर में छूट को नाइंसाफी बताया। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 में बजट में आयकर की न्यूनतम छूट की सीमा रूपये 3 लाख निर्धारित किया है जिसमें छोटे से छोटे कर्मचारी, संविदा कर्मचारी एवं देश - प्रदेश के पेंशनरों में गहरी नाराजगी है। यह इनक म टैक्स स्लेब वर्ष 2014 का निर्धारित सीमा है, जब छोटे से छोटे कर्मचारी, चपरासी को 5 से 7 हजार वेतन मिलता था, संविदा कर्मचारी को 8 हजार मानदेय मिलना था।

परंतु आज की स्थिति में छोटे से छोटा कर्मचारी, चपरासी भी रूपये 25 हजार वेतन पा रहा है, संविदा कर्मचारी की 25 हजार से ज्यादा पा रहे हैं मात्र पारिवारिक पेंशन को छोड़कर सभी पेंशनर 25 हजार से ज्यादा पेंशन पा रहे है। सभी को इनकम टैक्स जमा करना पड़ेगा। जबकि दूसरी तरफ बड़े-बड़े व्यापारी व्यवसायी जो लाखों कमाते है परंतु बड़े -बड़े कारखानों, फैक्ट्री, मीलें, बैंकों से करोड़ों रूपये कर्ज लेकर चलाते है, कर्ज पटाने की लोन की किस्त खर्च की कटौती काटकर इनकम टैक्स पटाते हैं परंतु कर्मचारी पेंशनर को जितना वेतन पेंशन मिलता है, वह आमदनी मानकर गणना होती है। टैक्स से चल रही सरकार नियम बनाने वाले सांसदों, विधायकों का टैक्स सरकार पटाती है, भारत सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों से पेंशन, वेतन प्रदायकर्ता बैंको को शक्त निर्देश है, कि उनके पेंशन से वेतन से 20 प्रतिशत राशि टी.डी.एस. काट ले।

पेंशनरों की प्रतिमाह न्यूनतम रूपये 7 हजार से लेकर 20 हजार टी.डी.एस. जबरदस्ती बिना पूर्व सूचना के बिना जानकारी दिये काट ली जा रही है। पेंशनरों से छोटे से छोटे कर्मचारियों से, संविदा कर्मचारी से अपील है, इनकम टैक्स रिर्टन बनवाने संबंधित पेंशन प्रदायकर्ता बैंकों में वेतन प्रदानकर्ता कार्यालयों में प्रतिवर्ष जमा करें। हालांकि इनकम टैक्स रिर्टन भरने का सरकार द्वारा निर्धारित 31 मार्च अब रूपये 1,000 पेनालटी देकर 31 जुलाई तक जमा कर सकते है। पेनालटी भी लाखों द्वारा सरकार को करोड़ों में जमा होगी। उक्त जानकारी सी.पी. कोसरिया प्रचार-प्रसार मंत्री ने दी।


श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म
मोहित साहू कृत
हण्डा
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों की विभागवार गहन समीक्षा की

- बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल का परीक्षण करने के दिए निर्देश
- अधिकारियों को आश्रम-छात्रावास का निरीक्षण करने के लिए कहा
- आगामी 5 वर्षों के लिए पौधरोपण करने के लिए कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों की विभागवार गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्थानीय एवं जिला स्तर पर आम जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान गंभीरतापूर्वक करें। सभी लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण होना चाहिए। आर्थिक सहायता से संबंधित प्रकरणों के साथ ही भवन, सड़क निर्माण एवं अधोसंरचना से संबंधित निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इसके लिए प्रारंभिक स्तर पर ही मानिटरिंग होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जल का परीक्षण अवश्य कराएं। नगरीय निकायों में भी वार्डवार पानी का परीक्षण होना चाहिए। दूषित पानी से आम जनता को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत हो सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनसामान्य के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी होना चाहिए। जिन क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत की जानकारी मिलने पर, वहां टीम भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों के जीर्णोद्धार करने तथा आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए भवन निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को आश्रम-छात्रावास का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी 5 वर्षों के लिए पौधरोपण करने के लिए कहा तथा सभी विकासखंडों में नर्सरी विकसित करने के निर्देश दिए। वन, कृषि, उद्यानिकी विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग को योजनाबद्ध एवं समन्वित तरीके से कार्य करने कहा।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों के सुपोषण के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करना है। स्कूलों में बच्चों के लिए जनसहयोग से न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन कराएं। उन्होंने कहा कि हर हफ्ते दो ग्रामों में राजस्व शिविर लगाएं। जिले में भूमि सुधार के लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की जरूरत है। आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण होने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई करें। भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के लिए कहा। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए आयोजित शिविर के संबंध में जानकारी ली। दिव्यांगजनों को ट्रायसाईकिल, मोटराईज्ड ट्रायसाईकिल सहित अन्य सहायक उपकरण देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें, जहां मवेशी सड़कों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर बैठते हैं। इसके लिए सभी अधिकारियों को दायित्व सौंपने तथा निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टोल फ्री नंबर 1100 एवं 1962 के माध्यम से भी ऐसे स्थानों की जानकारी प्राप्त करें। राष्ट्रीय राजमार्ग में ऐसे स्थानों को चिन्हांकित करने के लिए कहा। अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि पौधरोपण के लिए संबंधित विभाग संयुक्त रूप से कार्य करें तथा ऐसे स्थानों का प्रस्ताव बनाकर भेजे। उन्होंने रेनवाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों एवं भवनों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग क्रियाशील के सबंध में निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एवं संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल की ओर से मानवता के मूल्यों का संवर्धन

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन द्वारा राजनांदगाँव एवं छुरिया के कुल 50 विद्यार्थियों को निशुल्क कॉपी और किताबों का वितरण किया है, ताकि वे निर्बाध रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। इसके अलावा, 10 बच्चों को निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था शाला प्रबंधन द्वारा की गई है।

स्कूल प्रबंधन द्वारा मानवीय मूल्यों का अनुसरण करते हुए इस तरह के सहयोग की पहल हमेशा से की जाती रही है। इस सहयोग का असर विद्यार्थियों की खुशियों में देखने को मिला। हाल ही में, स्कूल के डायरेक्टर श्री संजय बहादुर सिंह को मानवता के लिए उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। ऐसे सहयोग की भावना रखने वाले सेवा भावी व्यक्तित्व के धनी होते हैं। इस पहल से विद्यार्थियों को अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिलेगा और वे अपने जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे।

## हेमू कालानी चौक पर महाकाल की पालकी यात्रा का भव्य स्वागत हुआ

राजनंदगांव (दावा)। महाकाल की पालकी यात्रा आज हेमू कालानी नगर स्थित लाल बागेश्वर शिवधाम पहुंची, जहां पर पूज्य सिंधी पंचायत एवं शिव सेवा मंडल के सभी भक्तगणों ने हजारों की संख्या में भक्तिभाव के साथ महाकाल की यात्रा का दर्शन लाभ प्राप्त किया। सभी ने उत्साह के साथ बोल बम की गर्जना कर महाकाल की यात्रा का स्वागत अभिनंदन किया। विदित हो कि हेमू कालानी चौक पर इस यात्रा की भव्य तैयारियां की गई थी, चौक पर दोनों तरफ से शंकर भगवान की विभिन्न कलाओं का चित्रण भी किया गया था।

हेमू कालानी चौक से निकाली गई यह पालकी यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा के साथ पालकी उठाते हुए यह यात्रा गली नंबर पांच स्थित सिद्ध पीठ लालबागेश्वर 'शिवधाम' पहुंची, जहां पर विधि विधान एवं पूजा अर्चना के साथ दुग्ध अभिषेक एवं महाकाल की पूजा की गई । तत्पश्चात सभी भक्तगणों के लिए प्रसादी की व्यवस्था सिंधु भवन में की गई, जो देर रात्रि तक जारी रही । कार्यक्रम में अनिल तेजवानी एवं विनोद लुल्ला, सहित सभी भक्तगणों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। महाकाल की पालकी यात्रा में राजू डागा एवं पवन डागा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी शिव भक्त संजय तेजवानी ने दी है।

## ट्रेनों में अवैध रूप से सामान बेच रहे 10 वेंडर पर हुई कार्रवाई

राजनांदगांव। नागपुर मंडल रेलवे ट्रेनों में अनधिकृत वेंडरों पर कार्रवाई कर रही है। बगैर अनुमति के ट्रेनों में खाने-पीने का सामान बचे रहे वेंडरों की शिकायत के बाद चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें अलग-अलग ट्रेनों से 10 अवैध वेंडर पकड़े गए। जो ट्रेनों में बगैर अनुमति सामानों की बिक्री कर रहे थे। रेलवे की टीम ने इन वेंडरों पर कार्रवाई की है। इस तरह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## भारतीय रिजर्व बैंक जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि विषय पर वित्तीय साक्षरता कैम्प का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में एनआरएलएम अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि विषय पर एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में जिले के एलडीएम, देना आरसेटी के निदेशक, जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम, तकनीकी सहायता प्रबंधक सीएससी तथा एफएलसी द्वारा विकासखंडों के एफएलसीआरपी एवं बीसी सखियों को वित्तीय साक्षरता से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कैम्प के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा आम ग्रामीणों को वित्तीय साक्षर करते हुये बैंक के कार्यप्रणाली एवं बुनियादी नियम निर्देशों की जानकारी प्रदान की गई। कैम्प में जमाकर्ताओं के अधिकारों एवं बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में भी बताया गया। महिला उद्यमियों को बैंकों के माध्यम से प्रदान किये जाने वाले स्वयं सिद्धा ऋण के बारे में विस्तृत जानकारी की गई और अधिक से अधिक महिला उद्यमी को लाभ दिलाने कहा गया। सीईओ जिला पंचायत द्वारा इंटरप्राईज फायनेंस एवं लखपति दीदी पहल अंतर्गत चिन्हांकित समूह सदस्यों को नियमित रूप से बैंक लोन एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु मैदानी अमलों एवं कैडरों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

## डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से राजनांदगांव को मिला करीब 40 करोड़ - राजेंद्र गोलछा

राजनांदगांव (दावा)। अपने 15 साल के मुख्यमंत्रितत्व काल में अरबों के विकास कार्य की झड़ी लगाने वाले तथा विकास पुरुष की संज्ञा पा चुके डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव को एक बार फिर बड़ी सौगात दिलाई है।

उन्होंने राजनंदगांव खेलों के विकास के लिए 35 करोड़ मंडी के लिए करीब 4.39 करोड़ और पुराना जिला चिकित्सालय के जीर्णोद्धार के लिए करीब 3 करोड़ के प्रशासकीय स्वीकृति दिलाई है। उनके इस बड़े प्रयास से शहर एवं जिले की जनता में प्रसन्नता व्याप्त है।

जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा अध्यक्ष के रूप में डॉ. रमन सिंह न सिर्फ अपने निर्वाचन क्षेत्र के प्रति जवाबदेही निभा रहे हैं अपितु उन्हें पूरे प्रदेश की फिक्र है। राजनांदगांव को पुनः इतनी बड़ी सौगात दिलाने के लिए डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त करते हुए श्री गोलछा ने आगे बताया कि नगरीय निकायों त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में विभिन्न विकास निर्माण कार्यों के लिए उनका सतत प्रयास जारी है। स्पीकर के नाते उनके पास आने

**जिला भाजपा महामंत्री गोलछा ने जताया स्पीकर का आभार**

वाले आवेदनों को गंभीरतापूर्वक ले रहे हैं एवं सीधे सीधे तौर से मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्रियों के सतत संपर्क में है। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा होते ही प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड द्वारा मंडी - निधि से 4 करोड़ 41 लाख की राशि की स्वीकृति प्रदान गई की गई।

इससे मंडी समिति के व्यापारी एवं कृषकों में हर्ष व्याप्त है। सभी ने विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय पहुंचकर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का एवं डॉ. रमन सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। वहीं विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ.रमन सिंह ने राजनांदगांव स्थित दिग्विजय स्टेडियम में लगभग 19 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत के मल्टीपरपस हॉल की आवश्यकता और लगभग 6 करोड़ 34 लाख की लागत के सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक निर्माण इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के तहत एस्ट्रोटर्फ रिप्लेसमेंट सिविल कार्य और विद्युतीकरण के लिए लगभग 8 करोड़ 79 लाख रुपए के कार्यों का प्राक्कलन रखा है।

इन तीनों ही विषयों पर राजनांदगांव विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडवीया से गंभीर चर्चा की और श्री मांडवीया जी ने दिग्विजय स्टेडियम और अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के उन्नयन कार्य के तीनों ही विषय पर स्वीकृति प्रदान की है।

## आरटीओ में अवैध वसूली को बंद करने छात्र युवा मंच ने जिलाधीश को सौपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। छात्र युवा मंच प्रदेश प्रमुख चंद्रभान जंघेल व नवीन प्रदेश अध्यक्ष माधव साहू के उपस्थिति में आरटीओ में हो रही अवैध वसूली के संबंध में जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा। जिले में स्थित आरटीओ विभाग मे पदस्थ अधिकारी कर्मचारी आपसी साठगांठ कर लायसेंस बनाने वाले छात्र युवा व लायसेंस बनाने के कार्य से जुड़े लोगों से अवैध वसूली का कार्य कर रहें हैं।

प्रदेश प्रमुख चंद्रभान ने बताया कि वाहन लायसेंस की प्रक्रिया निम्न अनुसार हैं लर्निंग लायसेंस 2 व्हीलर-ऑनलाइन फीस-205 रूपये और 4 व्हीलर-ऑनलाइन फीस-356 रूपये आरटीओ विभाग या परिवहन सुविधा केंद्र से बनाया जाता हैं परमानेंट लायसेंस-आरटीओ विभाग से बनाया जाता हैं जिसकी प्रक्रिया व शुल्क निम्न अनुसार हैं टू व्हीलर लर्निंग लाइसेंस 205 रु. फीस 2+4 व्हीलर लर्निंग लाइसेंस फीस 355.90 पैसा, टू व्हीलर परमानेंट फीस 750 रुपया, 2+4 व्हीलर परमानेंट फीस 1050 है।

प्रदेश अध्यक्ष माधव राम साहू ने बताया कि स्कूटनी-खिड़की क्रमांक 7 - नील, फोटो व बायो मेट्रिक-खिड़की क्रमांक 8 - नील, वाहन ट्रायल - ग्राउंड - नील अधिकारी हस्ताक्षर हेतु फार्म जमा - खिड़की नंबर 10 - अवैध शुल्क 100 रूपये व अधिकारी के नाम से 2+4 वाहन 500 रूपये अवैध शुल्क है। आरटीओ विभाग में ट्रायल के लिए किसी भी प्रकार गाड़ी की व्यवस्था नहीं हैं उसके बाद भी गाड़ी ट्रायल के नाम से ऑनलाइन शुल्क लिया जाता हैं। जिलाधीश से मांग की है कि शिकायत पत्र के आधार पर जाँच कमेटी बनाकर आरटीओ विभाग में कार्यवाही करें। शिकायत सत्य पाए जाने पर अवैध वसूली करने वाले कर्मचारी व अधिकारी को आईपीसी नियम के तहत दण्डित व निलंबित करें। ज्ञापन देने के द्वारान छात्र युवा मंच प्रदेश प्रमुख चंद्रभान जंघेल, प्रदेश सहप्रमुख लोकेश बारापात्रे ,प्रदेश अध्यक्ष माधव राम साहू, प्रदेश महामंत्री भागवत वर्मा, प्रदेश मंत्री मनीष साहू, जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत सेन, रूपेश मानिकपुरी, दुर्गेश भदौरिया एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अभा मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष का आधिकारिक प्रवास हुआ

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की स्थानीय इकाई द्वारा सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अंजू सरावगी एवं प्रांतीय अध्यक्ष अरुणा अग्रवाल की आधिकारिक यात्रा पर स्थानीय रजवाड़ा होटल में आयोजित स्वागत समारोह संपन्न हुआ। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की स्थानीय अध्यक्ष अनीता लोहिया एवं सचिव मोना अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू सरावगी ने अपने उद्बोधन में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के गठन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सम्मेलन सतत प्रयास कर रहा है, इस दिशा में अनेक कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष में संपन्न हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रांत एवं राजनंदगांव जिला इकाई द्वारा भी महिलाओं के उत्थान के लिए इस दिशा में कार्य किया जाना आवश्यक है।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने का आव्हान**

बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रांतीय अध्यक्ष अरुणा अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को मनी मैनेजमेंट का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है, परिवार की आय के अनुसार उसका सदुपयोग किस प्रकार किया जाए इसका निर्धारण अगर परिवार की महिला सदस्य करती है तो परिवार सुचारू रूप से संचालित हो सकता है। इस बैठक में दुर्ग महिला सम्मेलन एवम राजनांदगांव महिला सम्मेलन की लगभग 40 कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्तिथि दी एवं राष्ट्रीय एवं प्रांतीय अध्यक्ष का सम्मान किया।

## अग्रवाल महिला मंडल का दो दिवसीय एक्जीबिशन संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय राजनांदगांव अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय एक्जीबिशन का समापन हो गया। महिला मंडल द्वारा दिनांक 27 एवं 28 जुलाई 2024 को स्थानीय अग्रसेन भवन में दो दिवसीय एक्जीबिशन का आयोजन किया गया था। महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती मंजु खोखरिया ने बताया की प्रतिवर्शानुसार इस वर्ष भी महिला मंडल का यह अयोजन 27 जुलाई 2024 शनिवार से प्रारंभ होकर 28 जुलाई 2024 रविवार को समाप्त हो जायेगा। शनिवार सुबह 10 बजे एक्जीबिशन का उदघाटन श्रीमती संध्या सिंघल ने रिबन काट कर किया। महिला मंडल की सचिव श्रीमती रीना अग्रवाल ने कहा की इस आयोजन को सफल बनाने में सभी महिला मंडल के सदस्यों का भरपूर सहयोग मिला। महिला मंडल की कोषाध्यक्ष श्रीमती रेखा अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनिता अजय लोहिया, श्रीमती रमा अग्रवाल, संरक्षिका श्रीमती पुश्पा अग्रवाल, श्रीमती सरीता गोयल, श्रीमती सुनिता अग्रवाल ने इस दो दिवसीय आयोजन को सफल बनाने के लिये और सहयोग देने के लिये सभी महिला मंडल सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में प्रचार प्रसार प्रभारी सजंय अग्रवाल ने दी।

## नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में इंवेस्टिचर सेरेमनी सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। विगत 20 जुलाई शनिवार को नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग में इंवेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत् पूजा अर्चना की गई। उक्त सेरेमनी 2024-25 का मुख्य उद्देश्य स्कूल के हेड बाय एवं हेड गर्ल का शाला में चुनाव कराने पश्चात् निर्वाचित छात्र-छात्राओं को छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को उनकी जिम्मेदारी एवं महत्वपूर्ण भूमिकाएं, पदनाम और उनके अधिकार प्रदान किया जाना था। उक्त अवसर पर हेड बाय आर्यन साहू, असि. हेड बाय आदित्य सिन्दे एवं हेड गर्ल अप्लेशा बोरकर असि. हेड गर्ल ख्याति यादव सहित हाउसवार टोपाज, क्रिसोलाइट, रूबी, सफायर इन चारों हाउस के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया तथा हाउसवार मार्चपास्ट करते हुए सलामी दी गई।

इस दौरान मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देने के साथ ही छात्र-छात्राओं को उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री बाजपेयी ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आपका चयन आपकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता का प्रमाण है। आगे उन्होंने कहा कि यह नेतृत्व, उपाधि या पदो के बारे में नहीं है बल्कि सकारात्मक प्रभाव डालने और दूसरों को सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने का एक माध्यम है। साथ ही साथ छात्र अपने पढ़ाई के द्वारा ही अपने भविष्य का निर्माण करके आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर आदि बनेंगे। जिससे स्कूल सहित माता-पिता, जिले, राज्य एवं देश का नाम भी रोशन करेंगे। इस अवसर पर एनबी-ग्रुप ऑफ स्कूल के डॉयरेक्टरगण श्रीमती सोनल बाजपेयी, श्रीमती रेणु बाजपेयी, कु.कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती ईला राठौर, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्ई, सहित स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ शामिल हुए। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

## अनमोल दावा

*मुसीबत में या सफलता न मिलने पर हिम्मत मत हारो समस्याओं का डट कर सामना करो।*

## सम्पादकीय

# प्रशासनिक सेवाओं पर छाए बादल

रूतबा, प्रभाव, सत्तासीनों की जोहुक्मी, दबदबा और बगैर खून-पसीने की अंधाधुंध कमाई की सुविधा केवल राजनीति के क्षेत्र में ही नहीं है। प्रशासनिक बनाम राजस्व क्षेत्र में भी होती है। इसी कारण सरकारी नौकरी हासिल करने मरणतुल्य प्रयास करते हैं। इसके लिए अच्छा बुरा, मोटी रिश्वत देनें जैसे तमाम उपाय का इस्तेमाल करते हैं। प्रशिक्षीत आई.ए.एस. अफसर पूजा खेड़कर का किस्सा आई.ए.एस. जैसी सर्वोच्च सेवा के लिए पंसद करना है। किन्तु, इसमें कितना गोलमाल व गड़बड़ी होती है, उसका हाल ही का ताजा उदाहरण है। उन्होंने युनियन पब्लिक सर्विस कमिशन का चयन प्रक्रिया की सच्चाई और तटस्थता में जनता के विश्वास में कुठाराघात हुआ है। देश सेवा के लिए प्रशासनिक सेवा में जुड़ने के लिए रात दिन मरो जियो मेहनत करने परीक्षा की तैयारी करने वाले लाखों आदर्शवादी युवा-युवतियों के जोश और उत्साह में बड़ा झटका लगा है।

पूजा खेडकर को किसी भी एंगल से देखे तो वह बड़ी पहुंची हुई मायावी महिला है। उसने आई.ए.एस. में अपंगों और पीछड़े वर्गों के लिए आरक्षित अवस्था का भरपूर अनुचित लाभ उठाया है। नियमानुसार, सिविल सर्विसीस की परीक्षा सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों की 32 साल की उम्र तक 6 मरतबे दे सकते है। जब कि, ओबीसी 35 साल की उम्र और अपंगों के लिए 42 साल की उम्र तक नौ मरतबे और अनुसूचित जाति/ जनजाति 37 साल तक चाहे, जितनी बार परीक्षा दे सकता है।

पूजा खेडकर ने अपना नाम, पता, माता का नाम, पिता का नाम, फोटो, हस्ताक्षर, ई-मेल, आई डी और मोबाइल नम्बर बदलकर आई.ए.एस. की परीक्षा 12 मरतबे दी थी। स्वयं नान-क्रीमीलेयर ओबीसी में से आते हैं। ऐसा कह कर उसने स्वयं के परिवार की आय आठ लाख से कम होने का दावा किया था। परन्तु प्रशिक्षण की शुरूवात में उसने अपनी व्यक्तिगत संपत्ति 22 करोड़ होने की घोषणा की थी। मेरिट लिस्ट में अपना नाम आगे रखने के लिए उसने अपंग होने का दावा किया था। आधार कार्ड के बदले उसने, राशन कार्ड पेश किया था। 2018 और 2019 में उसका अपंग सर्टिफिकेट अमान्य होने के बाद 2022 में उसने चलने-फिरने में 7 प्रतिशत खामी का सर्टिफिकेट हासिल किया और चयनित हुई थी।

चकित करने वाली आघातजनक बात यह है कि इतने सारे फर्जी सर्टिफिकेट्स पेश करने के बावजुद किसी भी चरण में पूजा खंडेकर की बेईमानी पकड़ में नहीं आयी। यूपीएससी और केन्द्र सरकार के डीपार्टमेंट आफ पर्सनल एन्ड ट्रेनिंग में किसी स्थान, किसी चरण में पूजा खेडकर की आय सम्पत्ति या अपंगता विषय पर सवाल उठा ही नहीं। अपंग मानने के लिए कम से कम 40 फीसदी अपंगता होना आवश्यक है। किन्तु, पूजा के लिए सात प्रतिशत के सर्टिफिकेट के साथ ही उसे अपंग मान लिया गया है।

पूजा खेड़कर के पिता मनोहर खेडकर महाराष्ट्र सरकार में अधिकारी थे। वे भ्रष्टाचार के आरोपों में दो बार सस्पेंड हुवे थे। उसकी माता भालेगांव की सरपंच थी। वर्षों पहले जमीन के विवाद में किसानों को पिस्टन बताकर धमकाने के बदले में हाल ही उनकी धापकड़ हुई है। पूजा खेड़कर ने अपनी ओडी कार पर लालबत्ती, वी.आई.पी. नम्बर प्लेट और महाराष्ट्र सरकार का चिन्ह लगाया था, जिसका उन्हें अधिकार ही नहीं था। अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने के पहले ही उसने पर्याप्त स्टाफ के साथ केबिन मांगी थी। जब उन्हें यह सुविधाएं नहीं मिली तब उच्च अधिकारी के कक्ष पर कब्जा जमा लिया था। पूजा अभी प्रशिक्षर्णी थी तभी चोरी के आरोपी को छुड़वाने के लिए एक डी.एस.पी. पर दबाव डाला था।

राजनीतिज्ञ नेताओं को जन प्रश्न के दौरान जनता को दबाव देना पड़ता है। सरकारी लोक सेवक व्यवहारों की जवाबदारी में से मुक्त होते हैं। उनकी पसंद अत्यन्त सख्त मापदण्ड के अनुसार निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के द्वारा होनी चाहिए। ऐसी शासक नेताओं से स्वाभाविक रूप से अपेक्षा होती है।

यूपीएससी ने पूजा खेडकर का प्रशिक्षण रद्द कर के उसे वापस मसूरी बुलवा लिया है। पुलिस में एफ.आई.आर. दर्ज हुई है। अब आई.ए.एस. कैडर से उसे निकाला जाना सुनिश्चित लग रहा है। यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने इस्तीफा दे दिया है। परन्तु, इससे जो सड़ांध उत्पन्न हुई है, उसको पूर्ण रूप से साफ करने की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की है। पूजा का मामला जो हुक्मी व तानाशाही के चलते सार्वजनिक हुआ है। किन्तु, ऐसे मामले और भी होंगे, इसे नकारा नहीं जा सकता। अंत में इसके दुष्परिणाम तो जनता को ही बदश्ति करने है।

## क्या सर्जिकल स्ट्राइक होगी?

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों पर सरकार कितनी गंभीर?

नई दिल्ली (रा.प.)। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले को आगामी 5 अगस्त को पांच साल पूरे हो जाएंगे। सरकार मान रही थी कि इस फैसले से जम्मू कश्मीर में शांति बहाल होगी। अब सरकार के दावों पर सवाल उठ रहे हैं। जम्मू कश्मीर के डोडा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक सैन्य अफसर समेत चार जवान शहीद हो गए। राज्य में पिछले 80 दिनों में करीब 11 आतंकी हमले हुए हैं। केवल 30 दिनों के भीतर जम्मू में 7 आतंकी हमले हुए हैं। जम्मू क्षेत्र में पिछले 32 महीनों में 48 सैनिक शहीद हो गए हैं। इसके अलावा आतंकी हमलों में 23 आम नागरिक मारे गए हैं। पिछले पांच साल से यह इलाका लगभग शांत बताया जा रहा था। इन हमलों के बाद केंद्र सरकार पर विपक्ष हमलावर है। नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमारे जवान आतंकी हमलों के शिकार हो रहे हैं। इसके लिए सीधे तौर पर केंद्र सरकार की गलत नीतियां जिम्मेदार हैं। सरकार इस दिशा में कुछ भी नहीं कर रही है। केवल सैनिकों को शहीद होते देख रही है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आतंकी हमलों और बालाकोट एयर स्ट्राइक को लेकर बड़ा बयान दिया है। उमर ने कहा, 'सरकार ने दंभपूर्वक बालाकोट पर हमले का दावा किया था, लेकिन आतंकी घटनाएं नहीं रुकीं। भाजपा दावा करती थी कि अनुच्छेद 370 के साथ आतंकवाद जुड़ा है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद आतंकी घटनाएं खत्म हो जाएंगी। हम कहते थे कि आतंक और अनुच्छेद 370 का आपस में कुछ लेना-देना नहीं है। अनुच्छेद 370 हटाने से आतंकी घटनाओं पर कोई असर नहीं हुआ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, 'कश्मीर में सीमाओं को लेकर जितना सावधान होना चाहिए, जितने ढांचागत प्रोजेक्ट होने चाहिए थे, वे नहीं हैं। इनका खुफिया तंत्र नाकाम है, जिसकी वजह से सुरक्षा खतरे में है। सीमा की सुरक्षा भी खतरे में है। इधर, भाजपा कह रही है कि हमलों पर राजनीति न करें। भाजपा नेता प्रेम शुक्ला ने कहा कि जवानों के बलिदान पर ये इंडिया अलायंस गिद्ध भोज करना चाहता है। भारत के नागरिक ऐसे गिद्धों को पहचानते हैं। आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। इन गिद्धों को सोचना चाहिए कि हमलों पर राजनीति न करें।

इधर, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने बढ़ते आतंकी हमलों को लेकर जो बयान दिया है, उसे लेकर वे विवादों में घिर गए हैं। स्वैन ने भारतीय प्रबंधन संस्थान में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा था कि नेताओं के लिए मारे गए आतंकियों के घर जाना और सार्वजनिक रूप से उनके परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट करना सामान्य बन गया है। स्वैन का कहना है कि पार्टियां राजनीतिक लाभ के लिए आतंकी नेटवर्क के नेताओं को बढ़ावा दे रही है। इस बयान पर पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था संभालने में विफल रहे हैं। वे राजनीतिक मामलों में ज्यादा रुचि लेते हैं। वे राजनेताओं और पत्रकारों को परेशान करने में व्यस्त रहते हैं। बीते 32 महीने में जम्मू कश्मीर में विभिन्न आतंकी हमलों में 50 सैनिक शहीद हुए हैं। डीजीपी हिंसा पर काबू पाने में असमर्थ रहे हैं। वे सिर्फ अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने में लगे रहते हैं। डीजीपी सांप्रदायिक भावना से ग्रस्त हैं।

इधर सरकार का दावा है कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद तीन साल शांतिपूर्ण रहे। सरकार लोकसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की तैनाती योजनाबद्ध तरीके से कम करने के बारे में सोच रही थी। इसके साथ ही सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम हटाने पर भी विचार हो रहा था। कानून व्यवस्था से लेकर आतंक के मोर्चे पर अब जम्मू-कश्मीर पुलिस को आगे रखने की योजना पर काम हो रहा था, लेकिन अब लगता है कि इन सब योजनाओं पर पानी फिर जाएगा। सितंबर 2024 के अंत तक जम्मू- कश्मीर में विधानसभा का गठन भी करना था। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वादा भी है। सुप्रीम कोर्ट का भी आदेश था। कश्मीर में सुरक्षाबलों की वापसी से संबंधित सवाल पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि चुनाव के बाद इस पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार ने इसकी पूरी कार्ययोजना तैयार कर ली है। सरकार ने जम्मू-कश्मीर पुलिस को मजबूत बनाया है। केंद्रीय बल उसे पीछे रहकर सहयोग करेंगे। उनका कहना था कि बीते 10 वर्ष में एक भी फर्जी मुठभेड़ नहीं हुई है। सुरक्षाबलों ने जब भी नियमों को तोड़ा या उन्होंने कहीं कोई गलत काम किया, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई है। शाह ने यह भी कहा था कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव सितंबर से पहले होंगे। केंद्र वहां सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम को हटाने पर विचार करेगा।

इधर, पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को उम्मीद है कि चुनाव जरूर होंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव सुप्रीम कोर्ट के आदेश का मामला है। हम नहीं मानते कि सुरक्षा की स्थिति इतनी खराब है कि चुनाव नहीं हो सकते। हमारे यहां 1996 में चुनाव हुए हैं। साल 1998, 1999 में संसद के लिए चुनाव हुए हैं। चुनाव अवश्य होने चाहिए। खैर, चुनाव से पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि यह नया भारत है। यह आतंक के घाव नहीं सहता। मोदी सरकार ने पिछले दो कार्यकाल में आतंक के खिलाफ कड़ा रुख दिखाया है। पाकिस्तान ने बातचीत की पहल की। भारत सरकार ने साफ कर दिया कि आतंक और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। क्या प्रधानमंत्री का यह पीछे छिपी बुरी ताकतों को नेस्तनाबूद करेगा।

बता दें कि केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा हैं। वे उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचेंद्र कुमार की सलाह पर संयुक्त कमान का नेतृत्व करते हैं। संयुक्त कमान में जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आरआर स्वैन और खुफिया ब्यूरो, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, जम्मू-कश्मीर के अन्य बलों और एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी शामिल हैं। वर्तमान सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र बयान किसी बड़ी तैयारी का संकेत है? साल 2016 में उरी में आतंकी हमला हुआ था, जिसके जवाब में भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक की थी। साल 2019 में पुलवामा में आतंकी हमला हुआ, जिसके जवाब में बालाकोट एयर स्ट्राइक हुई। दोनों ही बार सरकार ने जवाब दो हफ्तों के भीतर दिया था। विश्लेषकों का मानना है कि कुछ दिन सरकार की कार्रवाई का इंतजार किया जाना चाहिए। कठुआ और डोडा में हुए आतंकी हमलों को लेकर सरकार गंभीर है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने कह चुके हैं कि कठुआ हमले में पांच जवानों की मौत का बदला। लिया जाएगा। भारत इसके द्विवेदी हाल तक उत्तरी कमान के सेना कमांडर थे। लेफ्टिनेंट जनरल सुचेंद्र कुमार (सेना कमांडर, उत्तरी कमान) पहले नागरौटा स्थित व्हाइट नाइट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग थे। दोनों ही इस पूरे इलाके को अच्छी तरह जानते हैं। फिर भी आतंकी हमला कर रहे हैं। आतंकियों ने पीर पंजाल के दक्षिण में हमले का दायरा बढ़ाया है। हमले के बाद वे पहाड़ी घने जंगलों वाले इलाके में गायब हो जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आतंकियों को पहले कदम उठाने का फायदा मिलता है। हालांकि, अगर खुफिया ग्रिड मजबूत है तो अगले 48 से 72 घंटों के भीतर आतंकियों का पता लगाकर उन्हें खत्म किया जा सकता है। सेना और विशेष अभियान समूह (एसओजी) खुफिया जानकारी के आधार पर संयुक्त अभियान चलाते हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और जम्मू-कश्मीर पुलिस सुनिश्चित करती है कि प्रभावी घेराबंदी की जाए। अब आतंक कश्मीर घाटी से पीर पंजाल के दक्षिण के जिलों में शिफ्ट हो गया है। पीर पंजाल के दक्षिण में 35 से 50 विदेशी आतंकी (पाकिस्तानी) सक्रिय हैं। उन्हें गाइड और रसद सहायता के मामले में कुछ स्थानीय समर्थन प्राप्त है।

बहरहाल, ऐतिहासिक रूप से भारतीय सेना कश्मीर घाटी में तैनात है। इसलिए वहां सुरक्षा बलों की मदद से काफी हद तक सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। अब आतंकी हमलों का निशाना जम्मू का इलाका है। कठुआ, राजौरी में लगातार हमले हो रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि जम्मू रेंज में भी सेना को उसी तरह का बंदोबस्त करना होगा, जो अतिरिक्त बोझ बढ़ाने वाला होगा। एक समस्या यह भी है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेताओं ने पाक के कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके को भारत में मिलाने की चर्चा छेड़ दी थी। वोट के लिए भाजपा के बड़े नेताओं ने कहा था कि मोदी को जिताएं तो छह महीने में पीओके भारत का होगा। इससे पाकिस्तान रक्षात्मक हुआ है। चीन की भी चिंता बढ़ी है।

*राष्ट्र पत्रिका से साभार*

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 218 : श्री राम की घोषणा अभिषेक जन समारोह है, शोभायात्रा आवश्यक नहीं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

अयोध्या के विभिन्न रंगों में साफ - स्वच्छ और लिपे - पुते हुए चमकते भवन, मार्गों और उप मार्गों में सवेरा हो जाने पर विशाल दीप स्तंभों की बुझने जा रही लौ अंतिम रूप से भभक रही है। सूर्यदेव इन्हें देखकर यह सोच रहे हैं कि मुझे चुनौती देने वाले ये प्रकाश के विभिन्न बिंदु एक साथ अयोध्या में कैसे चमक उठे हैं? कहीं अयोध्या में भावी नक्षत्रों की रचना तो नहीं हो रही है? कल की रात अयोध्या नगरी जागती रही। रात भर जागने के बाद भी सुबह यहां के नागरिकों में उतना ही उत्साह है।

श्री राम राजप्रासाद की प्राचीर पर हैं। श्री राम। सुदर्शन व्यक्तित्व के स्वामी। लंबा कद, मनोहर सांवला रंग।आजानुबाहु, विस्तीर्ण स्कंधों वाली बलिष्ठ देह, बड़ी-बड़ी बोलती आंखें, स्वर्ण बाजूबंद से कसी हुई उनकी सुगठित भुजाएं। पीतांबरधारी श्री राम लाल अंगवस्त्रम में शोभित हैं। उनके गले में दिव्य रत्नों से युक्त विजयमाल है। उनके कानों में स्वर्ण कुंडल हैं।कलाई पर मणिबंध। मुख मंडल पर दिव्यता और तेज। उनके मुख पर अप्रतिम सौंदर्य है। उनका सुगठित योद्धा शरीर उनके व्यक्तित्व को एक सम्मोहक आकर्षण प्रदान कर रहा है। श्री राम राजप्रासाद की प्राचीर पर साक्षात विष्णु रूप ही दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने प्रजा को संबोधित किया, ''अयोध्या के सभी भद्रजन! यह दशरथ नंदन राम आप सब का अभिनंदन करता है। इस अभिषेक कार्यक्रम के लिए आप लोगों में जो उत्साह है, उससे मैं और राज परिवार के सभी सदस्य भाव विभोर हैं। मैं जानता हूं कि आप पिता महाराज के दर्शन के लिए यहां एकत्र हुए हैं और आप हम सबके साथ यहीं से अभिषेक स्थल की ओर एक साथ ही प्रस्थान करना चाहते हैं, लेकिन यह आयोजन राज परिवार की शोभायात्रा नहीं है। यह एक लोक दायित्व समारोह है। इसके लिए पिता महाराज, मैं और राज परिवार के अन्य सदस्य सामान्य रूप में ही अभिषेक स्थल पर पहुंचेंगे। आप सब अभिषेक स्थल पर पहुंचकर ही इस समारोह को भव्यता प्रदान करेंगे तो अत्यंत कृपा होगी।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## (हिन्दी काव्यांजलि)

### ''जिन्दगी एक सफर''

जिन्दगी एक सफर,
कहीं 'धूप' है, तो कहीं 'छाँव' है।
कहीं 'खुशी' तो कहीं 'गम' है,
कहीं, 'हँसी' तो कही 'आँसू' है।
कहीं 'अकाल' है, तो कहीं 'आफत की बाढ़' है,
कहीं 'चंड' है, तो कहीं 'प्रचंड' है।
कहीं 'युद्ध' है, तो कहीं ''महायुद्ध'' है,
कहीं 'हिंसा की आग' है, तो कहीं 'बवाल' है।
कहीं टूटती डूबती हुई 'झोपड़ी' है,
तो कहीं गिरती हुई 'इमारतें' है,
कहीं धंसती हुई 'जमीन' है, तो कहीं 'भूस्खलन' है।
कहीं 'भूकंप' के झटके है,
तो कहीं फटती 'ज्वालामुखी' है,
कहीं उठती हुई 'लहरे' है, तो कहीं 'चक्रवात' है।
कहीं डूबती हुई 'नाव' है, तो कहीं
बहती हुई 'पतवार' है,
जिन्दगी एक 'जंग' है, जिन्दगी एक 'संघर्ष' है।
जिन्दगी एक 'प्रलय' है, तो कहीं
'महाप्रलय' है,
'रब' की 'कलम' कहती है,
जिन्दगी एक सफर है''।

**बलराम सिन्हा ''रब''**
**सुरगी राजनांदगांव (छ.ग.)**
**मो.- 9752071326**

## सामयिक चर्चा

### कर्म कर, फल की आशा मत कर!

खबर पढ़कर, आश्चर्य कर,
बानी बोले- ''कैसा समय,
आ गया है गजाधर!
देखो तो! नगर निगम में
प्रति माह नहीं मिल रही है
कर्मचारियों को वेतन।
तो आखिर वे खिन्न मन
हर माह वेतन दिये जाने की
मांग को लेकर, हैं हड़ताल पर।
सचमुच यह चिन्ता का विषय है गजाधर!
कि कर्मचारी पूरा माह
अपना काम करने निगम जाता है
पर एक तारीख को अपना कर्मफल
यानी वेतन क्यों नहीं पाता है?
आप निगम की ऐसी विडम्बना पर
क्या कहते हैं गजाधर?''
गजाधर बोले मुस्कराकर-
बानी! देखो, समझो,
निगम के प्रशासनिक अधिकारी,
भगवान श्री कृष्ण की 'गीता' के
परम भक्त है यार!
तो श्री कृष्ण जैसे अर्जुन से कहते थे,
वैसे ही, वे बड़ी आत्मीयता से,
अपने कर्मचारियों से करते हैं प्यार।
और कहते हैं- ''हे मेरे आत्मीयजन!
आप सब अपना-अपना कर्म करो सही।
पर फल की आशा, मन में रखो नहीं।''

**गिरीश बख्शी**

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज सहज तरीके से अपने कामों को करते चलेंगे तो काम का ज्यादा बोझ नहीं रहेगा। आज आप बच्चों की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखें। समय रहते उचित कदम उठाने से परिस्थितियों संभल जाएंगे। किसी पुराने मित्र का सहयोग मिलेगा जिससे आप काफी खुश रहेंगे।

**वृषभ** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। समाज सेवा कर रहे लोगों को आज स्थानीय लोगों के द्वारा सम्मानित लिया जायेगा, जिससे उनका हौसला बढ़ेगा। आज दोस्तों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगा। पौष्टिक भोजन को करे जिससे आपकी सेहत में सुधार होगा।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन...काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आयेंगे।

**कर्क** — आज आपका दिन ठीक- ठाक रहेगा। कामकाज से जुड़ी चुनौती आज आपके सामने आएगी ,साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। आज कार्यक्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियों में सुधार आएगा और सहयोगी तथा कर्मचारियों के साथ चल रहा कोई पुराना मतभेद दूर होगा। ऑफिशियल मामलों में थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है।

**सिंह** — आज आपका दिन काफी बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यस्तता के बावजूद घर परिवार में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे। आज आप खुद को मजबूत रखेंगे। कोई महत्वपूर्ण फैसला लेने में भी सक्षम रहेंगे। परिवार वालों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का अवसर मिलेगा। प्राइवेट कर्मचारियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**कन्या** — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। घर में नजदीकी संबंधियों का आगमन होगा और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज घर के बड़े बुजुर्गों क स्नेह व आशीर्वाद अवश्य लें तथा उनका मान-सम्मान व आदर बनाए रखेंगे। किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रखेंगे।

**तुला** — आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो। जीवन साथी की वजह से आपकी कोई योजना या कोई कार्य बन सकता है।

**धनु** — आज आपके दिन की शुरुआत शांत मन होगी। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। किसी रिश्तेदार के घर दावत पर जाएंगे, जहां सभी लोग एंजॉय करते हुए नजर आएंगे। आपके कुछ खास काम में आज रूकावट आ सकती है, लेकिन शाम तक काम पूरा हो जायेगा।

**मकर** — आज आपको नया अनुभव मिलने वाला है। आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा। दोस्तों के साथ देवी मां के दर्शन के लिए मंदिर जाएंगे। बुजुर्गों की सेवा करें जिनका आशीर्वाद आपको मिलेगा, आप जल्द ही सफल होंगे। घुटनों की बीमारी का आज सफल इलाज होगा, दर्द से राहत मिलेगी।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र-छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी , जिसमें गुरूजनों का साथ मिलेगा। आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। आपको धन लाभ के एक से अधिक माध्यम मिलेंगे।प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद है। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा।

# आत्मानंद स्कूल से मोहभंग, नहीं दिखी पालकों में रूचि

डोंगरगांव (दावा)। नगर में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अंतिम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 30 जुलाई को लॉटरी पद्धति से पूरी की गई. इस दौरान पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मदन साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर.एल.पात्रे, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जयंत साहू, प्राचार्य बी.एल. देवांगन, पत्रकार दिवाकर सोनी, वरिष्ठ व्याख्याता राजेंद्र गणवीर उपस्थित रहे.

चयन प्रक्रिया के संबंध में प्राचार्य श्री देवांगन ने बताया कि कक्षा पहली में 4 विद्यार्थियों का चयन हुआ है. इसी प्रकार कक्षा दूसरी में 1, कक्षा तीसरी में 1, कक्षा चौथी में 3, कक्षा पांचवी में 1, कक्षा छठवीं में 9, कक्षा सातवीं में 3 एवं कक्षा आठवीं में 4 विद्यार्थियों का चयन किया गया है. वहीं कक्षा पांचवी में फिलहाल 2 रिक्त सीट रिक्त है. इसी प्रकार कक्षा सातवीं में 4 एवं आठवीं में 8 सीट रिक्त है.

उन्होंने बताया कि 31 जुलाई तक सभी चयनित विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन स्कूल में करना अनिवार्य है, यह अंतिम अवसर है. इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित बीईओ श्री पात्रे ने सभी

**लॉटरी से बच्चों का हुआ चयन-फिर भी रिक्त सीटें**

उपस्थित पालकों से कहा है कि वह 31 जुलाई तक बच्चों का एडमिशन अनिवार्य रूप से करा लें ताकि परेशानियों का सामना न करना पड़े. पालकों में पीलूराम साहू, भूपेश कुमार साहू, भेदूराम साहू एवं अन्य पालकगण व प्रवेश प्रभारी संदीप वर्मा समेत संस्था के सभी शिक्षक उपस्थित रहे.

### नहीं दिखी पालकों में रूचि

गत वर्षों में स्वामी आत्मानंद शासकीय स्कूल में एडमिशन के लिए जहाँ पालकों का हुजुम उमड़ रहा था और इस शाला में एडमिशन के लिए पालक तरह-तरह जुगत लगा रहे थे, वहीं इस सत्र में पालकों ने इस स्कूल में एडमिशन के लिए विशेष रूचि नहीं दिखाई और इस स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से बच्चों का लगातार टीसी निकालकर अन्य स्कूलों में दाखिला कराया गया, वहीं खाली सीटों को काफी मशक्कत के बावजूद नहीं भरा जा सका है. इसका एक बड़ा कारण यह भी हो सकता है कि इस शाला में पूरे ब्लॉक से अच्छे शिक्षकों को छांटकर रखा गया था लेकिन अब इस सभी को अपने मूल शालाओं में वापस कर दिया गया है और वर्तमान में यहाँ स्टॉफ की कमी की जानकारी मिली है. इसके साथ ही इस स्कूल को दो पालियों में लगाया जाता है, जिससे बच्चों को स्कूल में पर्याप्त समय पढ़ाई होने की शिकायतें आ रही थी. इसके साथ ही अधिकांश स्कूलों में एडमिशन प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है फिर भी यहाँ भर्ती जारी है.

# यातायात प्रभावित करने वालों के खिलाफ कब होगी कार्रवाई

**० आज सब्जी व्यापारियों का हाल जानने विधायक करेंगी निरीक्षण**
**० अवैध रूप से पसारा लगाकर सब्जी बेचने वाले का रिकॉर्ड नहीं है पालिका के पास**

डोंगरगढ़(दावा)। यातायात व्यवस्था को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हाल ही में डोंगरगढ़ स्थित मां बमलेश्वरी के परिक्रमा पथ एवं बायपास मार्ग को लेकर करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं दूसरी ओर डोंगरगढ़ शहर के अंदर व्यवसाय करने वाले सब्जी व्यवसायियों द्वारा शहर के भीतर जाने के सभी मार्गों पर अव्यस्थित ढंग से व्यवसाय किया जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर सब्जी व्यवसाययों के लिए उचित स्थान बनाने का प्रयास किया गया। किंतु सब्जी व्यवसाय शहर के भीतर स्थित सभी मार्गों के किनारे अव्यस्थित ढंग से पसारा लगाकर व्यवसायियों द्वारा व्यवसाय किया जा रहा हैं।

गोल बाजार स्थित सब्जी मंडी, बुधवार स्थित सब्जी मंडी में प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में शेड नुमा दुकानों का निर्माण किया गया। किंतु सब्जी व्यवसाययों द्वारा व्यवस्थित ढंग से सब्जी का व्यवसाय नहीं करने के कारण सब्जी व्यवसाययों सहित आम जनों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर सभी को हो रही परेशानियों का प्रशासनिक स्तर पर कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। सुबह - शाम शहर के भीतरी भाग में यातायात व्यवस्था प्रभावित रहती है।यही कारण है कि शहर के भीतर स्थित बड़े प्रतिष्ठानों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। शहर के बाहर से आने वाले लोग मजबूरी में ही शहर के भीतर प्रवेश करते हैं।

डोंगरगढ़ में सब्जी के थोक विक्रय हेतु मंडी नहीं है,।और लंबे समय से सब्जी विक्रेता मंडी निर्माण की मांग कर रहे हैं । शहर की आवश्यकता और सब्जी विक्रेताओ की मांग पर आज विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल कांग्रेस जनों के साथ सुबह 8 बजे ओवर ब्रिज के नीचे स्थित सब्जी मंडी स्थल का निरीक्षण करेंगी।

डोंगरगढ़ शहर में अवैध रूप से पसरा दुकान लगाकर सब्जी का व्यवसाय करने वालों द्वारा रोड में दुकान लगाए जाने के कारण राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। और इस वजह से आए दिन हादसे होते रहते है।इमरजेंसी सेवायों का समय पर पहुंचना मुश्किल हो जाता है। पूरे शहर के मुख्य मार्गो जैसे हनुमान चौक गोलबाजार से हाईस्कूल चौक, युवराज मोटर्स से हाईस्कूल, गोल बाज़ार से युवराज मोटर्स सोल्हापारा रोड, गुरुद्वारा से रेल्वे चौक मुख्य मार्ग आदि मार्गों में आवागमन अत्यंत प्रभावित है। इन अवैध दुकानों की वजह से रोड में आवारा मवेशियों का भी जमावड़ा रहता है। और इसी वजह से शहर की सफाई व्यवस्था भी चरमरा गई है।

आश्चर्य की बात है कि इस अत्यंत गंभीर समस्या पर नगर पालिका आंख मूंद कर बैठी है। और उसके पास ये जानकारी ही नहीं है कि शहर के मुख्य मार्गों में कोई अवैध पसरा दुकान है या नहीं। गोल बाज़ार सब्जी मंडी और बुधवारी सब्जी मंडी में पर्याप्त जगह खाली होने के बावजूद दुकानदारों को जगह आवंटित नहीं किया गया और इससे शहर में अव्यवस्था फैली हुई है।

### बारिश थमते ही प्रशासनिक स्तर पर की जाएगी व्यवस्थापन की कार्रवाई - सीएमओ

सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर चिंतित नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा ने कहा है कि आम जनों के लिए सुगम यातायात व्यवस्था बनाने प्रशासन की टीम द्वारा शीघ्र ही सर्वे किया जाएगा। तत्पश्चात सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सब्जी व्यवसाययों के व्यवस्थापन की कार्रवाई की जाएगी।

## पहला कॉलम...

### पुलिस ने अंतर्राज्यीय महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब की जब्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग डोंगरगढ़ ने अवैध शराब की धरपकड़ कार्यवाही में अंतर्राज्यीय महाराष्ट्र निर्मित 20 बल्कि लीटर देशी शराब की जब्ती की है। मंगलवार 30 जुलाई को पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी का नाम समयलाल कुंभकार है। बताया जाता है कि उपनिरीक्षक उज्जवल सूत्रधार के नेतृत्व में आरोपी को कुंभकारपारा बागनदी से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास 20 बल्क लीटर अंतर्राजिय महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संतरी जब्त की है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट लगाया गया है।

### धरना प्रदर्शन स्थगित

राजनांदगांव (दावा)। बलीराम एंड संस तथा स्वास्तिक एग्रो कंपनी राजनांदगांव के श्रमिकों को संस्थान द्वारा न्यूनतम वेतन दिलाये जाने, हाजरी पत्रक, वेतन पर्ची, दिलाये जाने तथा कुछ श्रमिकों को जिन्हे बैंक के माध्यम से वेतन भुगतान नही किया जा रहा है व 2 वर्ष का बोनस भुगतान कराये जाने आदि मांगों के संबंध में श्रम विभाग राजनांदगांव में माँग पत्र पेश किये थे जिस पर प्रबंधक लम्बे समय से उपस्थित नहीं हो रहे है इसलिए 31 जुलाई 2024 को जुलुस व धरना का कार्यक्रम निर्धारित किये थे।

इस संबंध में जिला कलेक्टर, एस.डी.एम, सी.एस.पी.आदि विभागों में सूचना दिये थे, जिस पर एस.डी.एम. तथा सी.एस.पी .राजनांदगांव की मध्यस्थता में 29 जुलाई 2024 को हुई बैठक में श्रम विभाग के अधिकारी व कंपनी मालिक भी मौजूद थे। बैठक में एसडीएम तथा सीएसपी द्वारा शासन के नियमों का पालन करने के निर्देश दिये गये। कंपनी मालिक द्वारा स्वीकार किये जाने तथा समय प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया। तथा जुलुस व धरना का कार्यक्रम स्थगित करने का निवेदन किया गया, जिस पर 31 जुलाई 2024 को होने वाला जुलुस व धरना का कार्यक्रम स्थगित किया गया। उक्त बैठक में श्रमिकों की ओर से छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े, तुलसी देवदास व अन्य श्रमिकगण उपस्थित थे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के संगठन मंत्री तुलसी देवदास ने दिये है।

### दलेश्वर साहू की साफ नियत से जनता रुबरु है - अखिलेश नखत

डोंगरगांव (दावा)। शहर डोंगरगांव कांग्रेस कमेटी के जोन अध्यक्ष अखिलेश नखत ने विज्ञप्ति जारी कर भाजपा नेताओं को आड़े हाथ लिया है. किसी का नाम लिए बिना श्री नखत का आरोप है. भाजपा सरकार बनने के बाद से विधायकी हार चुके दोनों पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और उनकी टीम के खींचतान में शहर के विकास की गति लगभग आठ महीने से रुक गई है. दोनों नेताओ की टीम विधायक के खिलाफ केवल प्रदर्शन कर अपने अपने नंबर बढ़ाने में लगी है. उनके नेता भी अपने सरकार के बयान से हटकर जनता को भ्रमित करने मीडिया में गलत बयानबाजी जारी करने में लगे हैं. अपने गलत बयान से सिर्फ ये यही सिद्ध कर रहे अकेला विधायक इनकी पूरी सरकार पर भारी पड़ रहा. इन भाजपाइयों को अगर शहर की चिंता होती तो अपने शासन के आठ महीने पर विभिन्न मुद्दों में दोषियों पर कार्यवाही करवा चुके होते. अधिकारियों को निर्देश जारी कर बिजली, पानी, सडक़ यातायात की व्यवस्था को दुरुस्त करवा चुके होते, पर जनता देख रही इन आठ महीनों में हालात कितने बदत्तर हो गए है, आज जनता मान रही हम भाजपा द्वारा भ्रमित हुए.

### एम.ए. हिन्दी में टिकेश्वरी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**उत्कृष्ट रहा महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम**

डोंगरगढ़ (दावा)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग विगत दिनों एम.ए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कु. टिकेश्वरी मरकाम पिता व्यास नारायण 71.05 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। बलराम पिता लालचंद 68.75 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं यामिनी जनबंधु पिता अशोक जनबंधु ने 68.25 प्रतिशत के साथ कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं की सफलता हेतु प्रभारी प्राचार्य डॉ.श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने उन्हे बधाई एवं शुभकामनाएं की। साथ ही हिंदी विभाग से प्राध्यापकगण डॉ. नीता राजपूत, डॉ. येशुकृति हजारे एवं सुश्री नीलम सिन्हा द्वारा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की गई।

# दैहान सड़क में गड्ढे ही गड्ढे स्कूली बच्चे हो रहे प्रभावित

बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार समीप ग्राम दैहान जादूटोला से पहूंच सड़क इन दोनों जगह-जगह गड्ढे नजर आ रहे हैं बारिश की वजह से इन गडढ़ों में पानी भर गया है। जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है और इसमें मरम्मत के लिए किसी का भी ध्यान ईस ओर नहीं जा रहा है लेकिन यहां पूरा गिट्टी डामर उखड़ कर पूरा गिट्टी बाहर आ चुका है और मुरूम और जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं, इसके बावजूद इस सड़क की दुर्दशा को दुरुस्त करने के लिए संबंधित विभाग जनप्रतिनिधियों ग्राम पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार की कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है यहां पर सुबह-शाम स्कूली बच्चें जो की और जादू टोला रोज बच्चें सैकड़ों कि संख्या में पढ़ाई करने जाते हैं, जहां पर ग्राम के अंतिम शरहद में स्कूली बच्चों के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग का बालक एवं बालिका छात्रावास एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होने के कारण यह लोगों का इधर से दिनभर आवागमन लगा रहता है गड्ढे के चलते लोग गिरकर घायल हो रहे हैं सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से चलने बारिश में पानी गढ़ों में भर रहे हैं और गड्ढे ही गड्ढे नजर

आने लगे हैं और तेज चलने रफ्तार वाहन चालक इसमें, बच्चे साईकिल सहित गिर रहे हैं। आए दिन बच्चों का गाड़ी मोटरसाइकिल से कीचड़ छिटक कर स्कूली बच्चों का कपड़ा खराब होने, गीला होने से स्कूल जाते बच्चें वापस छात्रावास में आ जाते हैं और रोज रोज शिक्षकों से डांट मार खाते हैं, बेईज्जत होना पड़ता है। और बच्चें गिरकर घायल हो रहे हैं और मरम्मत नहीं होने से गांव के ग्रामीण जन लोग बहुत ही परेशान है और शासन प्रसासन इस सड़क कि ओर अनदेखी किया जा रहा है क्योंकि यह दो ब्लाकों को जोड़ने वाली सड़क है अं.चौकी और छुरिया का अंतिम छोर होने के कारण किसी का भी ध्यान कोई भी जनप्रतिनिधि हाथ बताने के लिए अनाकानी कर रहे हैं और रोड की मरम्मत नहीं हो पा रही है जिसका खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीण जनों को स्कूली बच्चों को अस्पताल आने वाले अपाहिज अस्वस्थ मरीजों को उठाना पड़ रहा है। आखिर इस की जिम्मेंदार आखिर है कौन कब सुधरेगा इस रोड की स्थिति कब होगी इसका हल दुरुस्त पुछता है क्षेत्र कि ग्रामीण वासी।

# हरियाली पर्व पर साहित्यिक संगोष्ठी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास के हरियाली पर्व अवसर पर 4 अगस्त, रविवार को छत्तीसगढ़ साहित्य समिति जिला इकाई द्वारा साहित्यिक संगोष्ठी सहित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ का प्रथम लोक पर्व हरेली पर रचनाधर्मियों व विद्यार्थियों से निबंध आमंत्रित किया गया है। निबंध प्रतियोगिता का विषय छत्तीसगढ़ी लोक पर्व हरेली स्वरूप एवं महत्व रखा गया है। हरेली पर्व पर आधारित 500 शब्दों में लिखे गए श्रेष्ठ निबंध पर प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पुरस्कार मुख्य अतिथि के हाथों नगद राशि एवं प्रमाण पत्र देकर किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा 'अमात्य' ने बताया कि हरेली पर निबंध लिखने वाले रचनाधर्मी एक बंद लिफाफे में 4 अगस्त से पूर्व शास. दिग्विजय कालेज व कमला कालेज सहित शहर के जमात पारा फौवारा चौक समीप स्थित कम्प्यूटर सेंटर पर जमा करा सकते हैं। उक्ताशय की जानकारी साहित्य समिति के प्रचार सचिव पवन यादव पहुना ने दी गई।

# घुमका पंचायत में पौधे का वितरण

घुमका (दावा)। ग्राम पंचायत घुमका में आज ग्राम के नागरिकों को पौधों का वितरण कार्यक्रम डोंगरगढ़ विधायिका श्रीमति हर्षिता स्वामी बघेल के मुख्य आतिथ्य में व ग्राम की सरपंच श्रीमति फूलमती वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों को नवीन राशन कार्ड के साथ एक एक पौधा वितरण कर उन्हें उसकी देखभाल करने का आह्वान किया गया।

पंचायत भवन में उपस्थित सभी नागरिकों को विधायक ने घुमका नगर पंचायत बनने पर बधाई दी साथ ही बाजार के व्यवसायीयो से भी मुलाकात कर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने अटल बाजार का निरीक्षण करते हुए बाजार परिसर में जल्द ही पेवर ब्लाक लगवाने का आश्वासन भी वहाँ उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दिया। श्रीमति बघेल द्वारा घुमका थाने के प्रांगण में पौधे का रोपण भी किया गया। सरपंच फूलमती वर्मा ने बताया कि गांव में लगभग 1200 राशनकार्ड धारी परिवार हैं जिन्हें कार्ड के साथ प्रत्येक परिवार को पौधे का वितरण किया जा रहा है व परिवार के सदस्य की तरह ही पौधे की देखभाल कर उसे बड़ा करने की अपील भी उनके द्वारा नागरिको से की जा रही है इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, जनपद सदस्य दिलीप पटेल, दुर्गेश द्विवेदी, जयकुमार वर्मा, पीयूष दुबे, पंच डिलेश्वर वर्मा, योगिता सिंह चन्देल, घुमका थाना प्रभारी बसन्त कुमार बघेल, प्रह्लाद यादव, ब्लॉक पत्रकार महासंघ अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह ठाकुर, हिंसा राम वर्मा, नवनीत सिंह, दानी वर्मा, कैलास शर्मा, छन्नू आडिल, पटेवा सरपंच मिथिलेस साहू, मन्थिर साहू आदि उपस्थित रहे।

# टेड़ेसरा में नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन ऊर्जीकृत

**10 ग्रामों के 5990 उपभोक्ताओं को मिलेगी उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव ग्राम टेड़ेसरा में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत 2 करोड़ 58 लाख रू. की लागत से नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र को राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के. मेश्राम के करकमलों द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता के.सी. खोटे, कार्यपालन अभियंता आलोक दुबे, मुकेश साहू, ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता अनिल धनकर, आर.पी. ठाकुर, एस.पी. ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए। इस उपकेन्द्र में स्थापित 3.15 एम.व्ही.ए. के पॉवर ट्रांसफार्मर से निकलने वाले 11 के.व्ही. के तीनों फीडरों यथा देवादा, मगरलोटा एवं सांकरा के माध्यम से 10 ग्रामों के 5990 कृषक एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा सुनिश्चित हो जायेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव् संभाग के कार्यपालन अभियंता आलोक दुबे ने बताया कि मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत नवनिर्मित इस उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. का नया पॉवर ट्रांसफार्मर, 3.5 कि.मी. 33 के.व्ही. एवं 10.2 कि.मी. 11 के.व्ही. की नई लाइन सृजित की गई है। सोमनी उपसंभाग के ढेड़ेसरा में नवनिर्मित इस 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र के क्रियाशील हो जाने से ग्राम देवादा, अंजोरा, कोपेडीह, मगरलोटा, फूलझर, बिरेझर, जोरातराई, ढेड़ेसरा, सांकरा एवं धीरी के लगभग 5990 उपभोक्ताओं को उच्च गुणावत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा मिलेगी।

# दो दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया

बांधाबाजार (दावा)। वनांचल में सेवाभावी रूप से कार्यरत समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था ग्राम दक्कोटोला तहसील अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी द्वारा अंचल के ग्रामीण प्रतिभाशाली बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए संस्था के सामुदायिक सीख केंद्र सुरता से सृजन में दो दिवसीय 29 एवं 30 जुलाई को ग्राम दक्कोटोला में आयोजन किया गया था। इन बच्चों को सांस्कृतिक गतिविधि की तकनीकी जानकारी तथा अन्य विधाओं के बारे में बताया तथा प्रशिक्षण दिया गया है। इस विधा के विशेषज्ञ लखनऊ उत्तरप्रदेश से पिपलीतारा फाउंडेशन के रिसोर्स पर्सन हेमंत बिष्ट ने दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम में ग्राम मरारटोला एवम दक्कोटोला के बच्चो ने भाग लिया। चुकी यह प्रशिक्षण स्कूल समय के अतिरिक्त सबेरे एवं शाम तक कार्यशाला का आयोजन होता था। इस कार्यशाला में कुल 25 बच्चों ने भाग लिया।

इस कार्यशाला में फेस इंप्रेशन, लीफ मूवमेंट, बॉडी एक्शन, डायलॉग, डांसिंग स्टेप, आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही समापन के अवसर पर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती सुनंदा मोहुर्ले ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक सांस्कृतिक कल्चर के गीत संगीत तथा अन्य गतिविधि की जानकारी प्रदान किया। संस्था के समन्वयक जयदेव मोहुर्ले ने सभी का करतल ध्वनि से आभार प्रकट किया तथा कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा किया।

# इको क्लब का शपथ ग्रहण संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला धामनसरा में दिनांक 29 जुलाई 2024 को इको क्लब के माध्यम से गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें नवगठित इको क्लब का शपथ ग्रहण कराया गया। जिसमें प्राकृतिक पेड़ पौधों जल संरक्षण पर्यावरण जल प्रदूषण वायु प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण के संबंध में शिक्षकों ने इको क्लब के सदस्यों को विस्तृत रूप से बताया इको क्लब का पर्यावरण को हरा भरा शुद्ध हवा के लिए वृक्षारोपण करने के सुझाव दिया।

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती वेणुबाला पटेल, उपाध्यक्ष बलराम निषाद, शिक्षाविद् डेविड यादव, श्रीमती अंजनी पटेल, रोहित कुमार साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, माधव राम उइके प्रभारी प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला, जीवन लाल बेलसरिया, राजेश कुमार चौरसिया, ओम प्रकाश साहू, सुभाष साहू, रोहित कुमार जोशी, श्रीमती उर्वशी चंद्रकार, श्रीमती नीतू चौरसिया, श्रीमती सीमा यादव उपस्थित रहे।

# मोखला स्कूल में हुआ शिक्षा सप्ताह का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला मोखला संकुल भर्रेगांव मे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चार वर्ष पूर्ण होने पर शिक्षा सप्ताह का आयोजन 22 जुलाई से 28 जुलाई तक किया गया। शिक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस की शुरुआत गुरुपूर्णिमा के साथ हुई विभिन्न सहायक शिक्षण सामग्री का निर्माण एवं उनके उपयोग करते हुए बच्चों को शिक्षा दी गई, दूसरा दिन एफ एल एन दिवस, तीसरा दिन खेल दिवस मनाया गया जिसमे योग एवं विभिन्न स्थानीय खेलों का आयोजन हुआ, चौथा दिन कौशल एवं डिजिटल पहल जिसमे स्मार्ट टीवी एवं मोबाइल के माध्यम से विभिन्न गतिविधि करवाया गया, कारगिल विजय दिवस मनाया गया। पांचवा दिन विद्यार्थियों में विविधता में एकता की भावना विकसित करने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। छठवां दिन मिशन लाइफ इको क्लब, बाल केबिनेट का गठन कर शपथ दिलाया गया एवं कार्यो से अवगत कराया गया, वृक्षारोपण किया गया। अंतिम दिवस सामुदायिक भागीदारी दिवस के रूप में मनाया गया एवं नवभारत साक्षरता उल्लास कार्यक्रम का शपथ दिलवाया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान पाठक (प्रा. शाला) जे.एल.साहू, प्रभारी मा.शाला डी.के.चंद्राकर, शिक्षकगण डी. के. नामदेव, आर. के. यादव, श्रीमती प्रीति चतुर्वेदी, श्रीमती यामिनी ठाकुर, डी.सी .साहू, एम.के.साहू, छात्र-छात्राएं शाला प्रबंध समिति के सदस्य एवं पालकगण उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## पेरिस ओलंपिकः खराब मौसम के कारण सर्फिंग प्रतियोगिता स्थगित

पेरिस। पेरिस ओलंपिक में मंगलवार को होने वाली सर्फिंग प्रतियोगिता भी खराब मौसम के कारण स्थगित कर दी गई है। आयोजकों ने यह जानकारी दी है। आयोजकों ने कहा,प्रतियोगिता बंद है, 30/07/2024 सुबह 7 बजे जीएमटी-10 लाल रंग के कोड के साथ तकनीकी प्रतिनिधियों का अगले सत्र के लिए रंग कोड प्रवृत्तियों पर निर्णय 30/07/2024 को 17:45 जीएमटी-10 पर होने की उम्मीद है।आयोजकों ने यह भी कहा कि अगले सत्र के लिए अपडेट मंगलवार को स्थानीय समय के अनुसार 17:45 बजे (ताहिती) किया जाएगा। फ्रेंच सर्फिंग फेडरेशन ने एक बयान में कहा, खराब मौसम की स्थिति के कारण ताहिती में मंगलवार 30 जुलाई को कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होगी- 4 मीटर से अधिक की लहर और बहुत तेज तटवर्ती हवा।

## शेयर बाजार में मामूली गिरावट

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में सपाट खुला। बाजार के बड़े सूचकांकों में सपाट कारोबार हो रहा है। सेंसेक्स 9 अंक की मामूली गिरावट के साथ 81,347 और निफ्टी एक अंक की गिरावट के 24, 835 पर है। बाजार में रुझान सकारात्मक बना हुआ है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,488 शेयर हरे निशान में और 538 शेयर लाल निशान में बने हुए हैं। एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी और कमोडिटी इंडेक्स में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। हालांकि, आईटी, फार्मा, फिन सर्विस और फार्मा इंडेक्स में गिरावट है। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में तेजी बनी हुई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 175 अंक या 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,537 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 112 अंक या 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,155 पर है। सेंसेक्स पैक में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, एचयूएल, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स हैं।

## 2 अगस्त को खुलेगा ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ

नई दिल्ली। घरेलू इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी ओला का 6,145.96 करोड़ रुपए का आईपीओ 2 अगस्त को आम निवेशकों के लिए खुलने जा रहा है। इस आईपीओ के लिए बोलियां 6 अगस्त तक लगाई जा सकती हैं। इसका प्राइस बैंड 72 रुपए से लेकर 76 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है।

इस आईपीओ का 10 प्रतिशत हिस्सा रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व रखा गया है। ओला के पब्लिक इश्यू का साइज 6,145.96 रुपए होगा। इसके मुताबिक, कंपनी की मार्केट कैप करीब 33,500 करोड़ रुपए होगी। आईपीओ में 84.94 मिलियन शेयरों का ऑफर फॉर सेल भी होगा, जिसकी वैल्यू करीब 646 करोड़ रुपए (उच्च बैंड प्राइस के मुताबिक) होगी। वहीं, फ्रैश इश्यू का साइज 5,500 करोड़ रुपए का होगा। ओएफएस में ओला इलेक्ट्रिक के प्रमोटर भावेश अग्रवाल और इंसड ट्रस्ट की ओर से क्रमशः 3.79 करोड़ और 41.79 लाख शेयर बेचे जाएंगे।

## हैती के प्रधानमंत्री पर चली गोलियां

पोर्ट-ऑ-प्रिंस (हैती), एपी। हैती के प्रधानमंत्री गैरी कोनिले बाल-बाल बचे हैं। सोमवार को पोर्ट-ऑ-प्रिंस स्थित एक अस्पताल से बाहर आते वक्त गोलियां की आवाज सुनाई दी, जिससे वहां मौजूद गैरी को बचाने के लिए सुरक्षा अधिकारियों ने तुरंत गोलियां चलाना शुरू कर दी। हालांकि, उन्हें कोई चोट नहीं पहुंची है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि गैरी राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख नॉर्मिल रामेउ और कुछ पत्रकारों के साथ हैती के सबसे बड़े अस्पताल का दौरा कर रहे थे, तभी इमारत के बाहर गोलियों की आवाज सुनी गई। दरअसल, जिस वक्त ये गोलियां चली उससे महज कुछ मिनट पहले प्रधानमंत्री ने एक इंटरव्यू दिया था। इसके कुछ ही मिनट बाद गोलियों की आवाज सुनी गई। पीएम की सुरक्षा को देखते हुए सुरक्षा एजेंटों ने भी कुछ गोलियां चलाईं। बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री और उनकी टीम पूरी सुरक्षा के साथ अस्पताल से बाहर निकली और उन्हें वापस उनके कार्यालय ले जाया गया। घटना में किसी की मौत या चोट की खबर नहीं है।

इस महीने की शुरुआत में, कोनील और हैती के पुलिस प्रमुख ने उसी अस्पताल का दौरा किया था, जब अधिकारियों ने घोषणा की थी कि उन्होंने हथियारबंद गिरोहों से अस्पताल पर नियंत्रण वापस पा लिया है। उस समय, कोनील ने तबाह हो चुके अस्पताल के बचे हुए हिस्से को 'युद्ध क्षेत्र' बताया था।

# मनु भाकर ने फिर रचा इतिहास, एक ही ओलंपिक में 2 मेडल जीतने वाली बनीं पहली भारतीय

**नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को दूसरा मेडल मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने दिलाया. शूटिंग के 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड इवेंट में मनु भाकर और सरबजोत की जोड़ी ने कमाल करते हुए ब्रॉन्ज जीता. ब्रॉन्ज मेडल के लिए भारतीय जोड़ी का मुकाबला कोरिया की वोन्हो और ओह ये जिन की जोड़ी के साथ था. मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने 16-10 के स्कोर से जीत अपने नाम की.**

बता दें कि भारत को पेरिस ओलंपिक का पहला मेडल मनु भाकर ने ही दिलवाया था. मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल के सिंगल इवेंट में ब्रॉन्ज जीता था. अब भारत को दूसरा मेडल जितवाने में भी मनु का बहुत बड़ा योगदान रहा. पेरिस में भारत के दूसरे मेडल हिस्सेदार बनने वाली मनु भाकर ने जीत के साथ इतिहास भी रच दिया. दरअसल मनु भाकर आजादी के बाद पहली ऐसी भारतीय एथलीट बनीं, जिन्होंने एक ओलंपिक में दो मेडल जीते. हालांकि इससे पहले कई भारतीय एथलीट्स अलग-अलग ओलंपिक में दो मेडल जीत चुके हैं, लेकिन मनु ने एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतकर अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करवा दिया.

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत की मेडल टैली का खाता खोला था. उन्होंन 28 जुलाई, रविवार को महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के सिंगल इवेंट में ब्रॉन्ज जीता था. इस मेडल के साथ मनु भारत के लिए शूटिंग में मेडल जीतने वाली पहली महिला बनी थीं. अब वह आजादी के बाद भारत के लिए एक ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली एथलीट बन गई हैं.

बता दें कि आज यानी 30 जुलाई, मंगलवार पेरिस ओलंपिक का चौथा दिन है और चौथे दिन भारत को दूसरा मेडल मिला. भारत के खाते में पहला मेडल ओलंपिक के दूसरे दिन आया था. अब तक भारत के हाथ सिर्फ ब्रॉन्ज मेडल लगे हैं, ऐसे में

## मनु भाकर और सरबजोत ने दिलाया दूसरा पदक, पीएम मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 के चौथे दिन भारतीय शूटर मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने देश की झोली में दूसरा मेडल डाल दिया। 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में मनु भाकर और सरबजोत ने ओह ये जिन और ली वोनहो को मात देकर ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनु भाकर और सरबजोत सिंह को ओलंपिक में देश के लिए पदक जीतने पर बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, हमारे निशानेबाज हमें लगातार गौरवान्वित कर रहे हैं। मनु भाकर और सरबजोत सिंह को ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतने पर बधाई देता हूं। दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत अविश्वसनीय रूप से प्रसन्न है। पीएम मोदी ने आगे लिखा, मनु भाकर के लिए, यह उनका लगातार दूसरा ओलंपिक पदक है, जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता और समर्पण को दर्शाता है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, भारत को एक और पदक। पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई देता हूं। उनकी उल्लेखनीय टीमवर्क ने शानदार परिणाम दिए हैं। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

## पेरिस ओलंपिक में 'कोरोना' ने दी दस्तक, मेडल जीतने के बाद एथलीट हुआ पॉजिटिव

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 की शुरुआत 26 जुलाई से हुई थी. हालांकि कई खेलों की शुरुआत तो दो दिन पहले यानी 24 जुलाई से ही हो गई थी. हालांकि आधिकारिक ओपनिंग सेरेमनी 26 जुलाई को हुई थी. पेरिस में खेले जा रहे ओलंपिक खेलों का फैंस खूब लुत्फ उठा रहे हैं, लेकिन इसी बीच खेलों के महा कुंभ में कोराना की एंट्री हो गई. इंग्लिश एथलीट को कोरोना ने अपने चपेट में ले लिया.

ब्रिटेन के तैराक एडम पीटी कोरोना की चपेट में आए हैं. एडम ने 28 जुलाई को 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक इवेंट में मेडल जीता था. मेडल जीतने के अगले ही दिन उनके कोरोना पॉजिटिव होने की खबर सामने आई. 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक इवेंट के फाइनल में हिस्सा लेना वाले एडम पीटी इटली के निकोलो मार्टिनेंगी के साथ संपर्क में आए थे. निकोलो मार्टिनेंगी ने इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था. इसके अलावा एडम अमेरिकी तैराक निक फिंक के साथ भी संपर्क में आए थे. बता दें कि रविवार (28 जुलाई) की सुबह एडम पीटी ठीक महसूस नहीं कर रहे थे. हालांकि फिर भी उन्होंने फाइनल मुकाबले में हिस्सा लेने का फैसला किया.

## ज्यादा खाना खिलाने से गई कुत्ते की जान, कोर्ट ने मालकिन को दी सजा

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की एक महिला को कुत्ते की मौत के बाद दो महीने की सजा सुनाई गई। दरअसल, इस महिला पर आरोप है कि उसने अपने पालतू कुत्ते को हद से ज्यादा खाना खिलाया, जिसकी वजह से उसका मोटापा बढ़ा और उसकी मौत हो गई। रॉयल न्यूजीलैंड सोसाइटी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स के मुताबिक, पशु नियंत्रण अधिकारियों ने अक्टूबर 2021 में जब इस महिला के आवास पर तलाशी ली थी तो उस वक्त नुग्गी नाम के इस कुत्ते को उन्होंने वहां देखा था।

इसका वजन लगभग 54 किलोग्राम (120 पाउंड था। इस वजह से कुत्ते के लिए चलना-फिरना मुश्किल हो रहा था।

# ओलंपिक इतिहास में भारत की पहली टेबल टेनिस प्लेयर बनी मनिका बत्रा

पेरिस। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय पैडलर मनिका बत्रा ने टेबल टेनिस में राउंड ऑफ 16 में जगह बनाकर इतिहास रच दिया है. मनिका ओलंपिक इतिहास में इस मुकाम तक पहुंचने वाली भारत की पहली टेबल टेनिस प्लेयर बन गई हैं. जी हां, मनिका से पहले आज तक कोई भी टेबल टेनिस प्लेयर राउंड ऑफ 16 तक नहीं पहुच सका है. ऐसे में मनिका ने अपना नाम इतिहास में सुनहरे अक्षरों से दर्ज करा दिया है. अब बस हर भारतीय अपनी इस स्टार से यही उम्मीद कर रहा है कि वह इसी तरह शानदार प्रदर्शन के साथ आगे बढ़ें और मेडल लेकर घर वापसी करें...

मनिका बत्रा का सामना राउंड ऑफ 32 में फ्रेंच पैडलर पृथिका पवाड़ से हुआ. मनिका ने पृथिका को उस मैच में क्लीन स्वीप कर राउंड ऑफ 16 में जगह पक्की की. मैच की बात करें, तो मनिका के लिए शुरुआत कुछ खास नहीं रही थी. पहले गेम में वह 2 अंक से पिछड़ रहीं थीं, लेकिन फिर उन्होंने कमाल की वापसी की और पहला गेम 11-9 से जीता. फिर दूसरे गेम को 11-6, तीसरे गेम को 11-9 और चौथा गेम 11-7 से जीत लिया. इसी के साथ उन्होंने इस मैच में विपक्षी खिलाड़ी पृथिका को क्लीन स्वीप कर दिया. मनिका बत्रा ने अभी मेडल नहीं जीता है और नया रिकॉर्ड बना लिया है. जी हां, ओलंपिक इतिहास में राउंड ऑफ 16 में पहुंचने वाली पहली भारतीय प्लेयर बन गई हैं. आज तक कोई भी भारतीय इस स्तर तक नहीं पहुंच सका. मनिका से पहले ये रिकॉर्ड शतक कमल के नाम दर्ज था. वह टोक्यो ओलंपिक 2020 में मेन्स सिंगल्स में 32 के राउंड तक पहुंचे थे. बताते चलें, पेरिस ओलंपिक 2024 में मनिका बत्रा ने राउंड ऑफ 64 में ग्रेट ब्रिटेन की अन्ना हर्से को हराया था.

# भारत में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में तेजी से बढ़ी वेयरहाउसिंग स्पेस की मांग : रिपोर्ट

मुंबई। भारत में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी के कारण वेयरहाउस की मांग में इजाफा देखने को मिल रहा है। मंगलवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस वर्ष की पहली छमाही में देश के आठ प्राथमिक बाजारों में 23 मिलियन स्क्वायर फीट के वेयरहाउस लेनदेन देखने को मिले हैं।

नाइट फ्रैंक इंडिया की ओर से जारी की गई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि 55 प्रतिशत लेनदेन 'ग्रेड ए' के स्पेस के लिए हुए हैं। कुल वेयरहाउसिंग स्पेस वॉल्यूम में मुंबई की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत है। नाइट फ्रैंक इंडिया के प्रबंधक निदेशक, शिशिर बैजल ने बताया कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ओर से आ रही मांग ने ई-कॉमर्स सेक्टर के सुस्त प्रदर्शन की भरपाई की है। उन्होंने आगे कहा कि वेयरहाउस विकसित करने के लिए जमीन मिलना अभी भी एक चुनौती बनी हुई है। संस्थागत निवेशकों की इस सेक्टर में बढ़ती रुचि के कारण आपूर्ति भी उच्च गुणवत्ता वाली होनी चाहिए। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि दिल्ली-एनसीआर वेयरहाउसिंग स्पेस के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। इसकी कुल वॉल्यूम में हिस्सेदारी 17 प्रतिशत है। पुणे, देश का सबसे महंगा वेयरहाउसिंग मार्केट है और यहां औसत किराया 26 रुपये प्रति स्क्वायर मीटर है। इसके बाद कोलकाता और मुंबई का स्थान आता है जहां औसत किराया क्रमशः 23.8 रुपये प्रति स्क्वायर मीटर और 23.6 प्रति स्क्वायर मीटर है। रिपोर्ट में बताया गया कि पुणे और चेन्नई में सालाना आधार पर औसत किराया 4 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, एनसीआर और कोलकाता में सालाना आधार पर औसत किराये में 3 प्रतिशत की बढ़त हुई है।

## गवर्नर कूपर ने हैरिस का उपराष्ट्रपति प्रत्याशी बनने की दौड़ से खुद को किया बाहर

वाशिंगटन। नॉर्थ कैरोलाइना के गवर्नर रॉय कूपर ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार कमला हैरिस का उपराष्ट्रपति प्रत्याशी बनने की संभावना से इनकार कर दिया है। इस मामले से परिचित दो लोगों ने यह जानकारी दी है।

कूपर ने आशंका जताई है कि अगर वह उपराष्ट्रपति प्रत्याशी चुने जाते हैं तो राज्य से बाहर जाने पर रिपब्लिकन पार्टी के उनके लेफ्टिनेंट गवर्नर राज्य की कमान अपने हाथ में ले लेंगे। कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी ने अभी तक अपना आधिकारिक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

## राशिद खान टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज 600 विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बने

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान वर्ल्ड क्रिकेट में तहलका मचाते नजर आ रहे हैं। अपनी जादुई स्पिन गेंदबाजी से दुनियाभर के बल्लेबाजों को छकाने वाले राशिद अपने करियर में नित नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। राशिद इन दिनों मेंस हंड्रेड टूर्नामेंट में खेलते नजर आ रहे हैं। जहां उन्होंने अपनी शानदार गेंदबाजी से एक खास उपलब्धि हासिल की है। राशिद ने टी-20 क्रिकेट में इतिहास रच दिया है।

25 साल के राशिद खान टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज 600 विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने ये कीर्तिमान 441 मैचों की 438वीं इनिंग में रचा। राशिद इसी के साथ टी-20 क्रिकेट में 600 विकेट का आंकड़ा पार करने वाले दुनिया के सिर्फ दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। राशिद ने ये उपलब्धि ट्रेंट रॉकेट्स के लिए खेलते हुए मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ दो विकेट लेकर हासिल की।

राशिद के 600 विकेट चटकाने के बाद टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड खतरे में आ गया है।

# प्रथम पेज का शेष

***वायनाड में 4 घंटे में 3 लैंडस्लाइड...***

बचाव कार्यों का आकलन किया और इसके साथ ही केंद्र सरकार की एजेंसियों के साथ समन्वय, आपदा प्रतिक्रिया बलों की तैनाती और राहत शिविरों में स्वास्थ्य और सुरक्षा सावधानियों और सुविधाओं की समीक्षा की। मौसम विभाग ने जारी किया भारी बारिश का रेड अलर्ट- वहीं मौसम विभाग के अनुसार वायनाड में आने वाले कुछ दिन और खराब हो सकते हैं। मौसम विभाग ने वायनाड के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जबकि पड़ोसी मलप्पुरम, कोझिकोड और कनूर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तेज बारिश के कारण बचाव अभियान प्रभावित हो सकता है। उत्तर भारत के चार पर्यटक भी फंसे, दो लापता- वायनाड में भूस्खलन में उत्तर भारत के चार पर्यटक और कर्नाटक का एक टैक्सी ड्राइवर भी फंस गए हैं। हालांकि पर्यटकों की पहचान नहीं हो पाई है। बंगलूरू में टैक्सी सेवा देने वाले सचिन गौड़ा ने बताया, पिछले बृहस्पतिवार को हमें ऑनलाइन बुकिंग मिली थी और एक अर्टिगा गाड़ी से हमने इन चारों पर्यटकों को बंगलूरू हवाईअड्डे से रिसीव किया। ये सभी ईशा फाउंडेशन के कोयंबटूर से आरंभ करने के बाद कूर्ग होते हुए वायनाड पहुंचे थे और दो दिन से वहीं थे। मंगलवार तड़के भूस्खलन में ये सभी वहां फंस गए। गौड़ा ने बताया, टैक्सी ड्राइवर ने सोमवार देर रात बताया कि हर ओर पानी ही पानी है। वह इतना डर गया कि रात में ही नजदीक के अस्पताल में चला गया। पर्यटकों में दो महिलाओं को भी बाद में बचा लिया गया और एक का आईसीयू में इलाज चल रहा है। दूसरी की हालत ठीक है। दो अन्य लापता हैं और उनके फोन भी बंद हैं।

उत्तर भारत के चार पर्यटक भी फंसे, दो लापता- वायनाड में भूस्खलन में उत्तर भारत के चार पर्यटक और कर्नाटक का एक टैक्सी ड्राइवर भी फंस गए हैं। हालांकि पर्यटकों की पहचान नहीं हो पाई है। बंगलूरू में टैक्सी सेवा देने वाले सचिन गौड़ा ने बताया, पिछले बृहस्पतिवार को हमें ऑनलाइन बुकिंग मिली थी और एक अर्टिगा गाड़ी से हमने इन चारों पर्यटकों को बंगलूरू हवाईअड्डे से रिसीव किया। ये सभी ईशा फाउंडेशन के कोयंबटूर से आरंभ करने के बाद कूर्ग होते हुए वायनाड पहुंचे थे और दो दिन से वहीं थे। मंगलवार तड़के भूस्खलन में ये सभी वहां फंस गए। गौड़ा ने बताया, टैक्सी ड्राइवर ने सोमवार देर रात बताया कि हर ओर पानी ही पानी है। वह इतना डर गया कि रात में ही नजदीक के अस्पताल में चला गया। पर्यटकों में दो महिलाओं को भी बाद में बचा लिया गया और एक का आईसीयू में इलाज चल रहा है। दूसरी की हालत ठीक है। दो अन्य लापता हैं और उनके फोन भी बंद हैं।

***केजरीवाल की गिरफ्तारी नाजायज...***

उन्होंने कहा कि इसी से परेशान होकर नरेंद्र मोदी और बीजेपी की सरकार ने प्रजातंत्र पर हमला करके षड़यंत्र रचा और उन्हें साजिशन जेल में डाल दिया और वहां उनकी तबीयत से खिलवाड़ किया जा रहा है। जंतर-मंतर पर जारी इंडिया गठबंधन के विरोध प्रदर्शन में पहुंचे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जनरल सेक्रेटरी सीताराम येचुरी, आरजेडी के मनोज झा भी शामिल हुए। 0 दिल्ली की जनता को बनाया बंधक- इस मामले में दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि बीजेपी नीत केंद्र सरकार ने दिल्ली द्वारा चुने हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजकर दिल्ली की 3 करोड़ जनता को बंधक बनाया है। जेल में बीजेपी और उनके स्त्र केजरीवाल की तबीयत से खिलवाड़ कर रहे हैं और उनकी जान लेने की साजिश रची जा रही है। 0 आप ने लगाया साजिश का आरोप- आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने जेल में केजरीवाल के साथ किए गए व्यवहार और शासन पर इसके प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंता को उजागर किया गया। आम आदमी पार्टी की तरफ से तिहाड़ जेल में अपने पार्टी नेता के स्वास्थ्य के साथ छेड़छाड़ करने की साजिश का आरोप लगाया है। पार्टी ने उनकी मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि 3 जून से 7 जुलाई के बीच उनका शुगर लेवल 34 बार कम हुआ है। केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनीलॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।

***हावड़ा से मुंबई जा रही ट्रेन....***

यह जगह पश्चिमी सिंहभूम के काफी करीब है। बाराबाम्बो के पास मुंबई-हावड़ा मेल के 22 में से 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इनमें बी4 डिब्बे में एक यात्री की मौत हुई है। वहीं, इसी कोच में एक अन्य शख्स के फंसे होने की बात सामने आ रही है। बताया गया है कि कुल 16 यात्री डिब्बे थे, एक पैंट्री कार थी, जबकि एक पावर कार थी। घायलों को बाराबाम्बो में चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। उन्हें अब बेहतर इलाज के लिए चक्रधरपुर ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान जारी है।

***यूपी में पेपर लीक के लिए नया ...***

पेपर लीक होने के बाद विपक्ष ने सरकार पर बड़े सवाल खड़े किए थे। मुख्यमंत्री ने ऐसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कड़ा कानून बनाए जाने का निर्देश दिया था। कैबिनेट ने बीते माह उप्र सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अध्यादेश 2024 को स्वीकृति दी थी। मानसून सत्र के पहले ही दिन सरकार ने नए कानून के लिए विधानसभा में विधेयक पेश किया। प्रदेश में अब सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग, पेपर लीक कराने वालों व साल्वर गिरोह के सदस्यों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा सकेगी। पेपर लीक कराने वाले गिरोह से परीक्षा में हुआ खर्च भी वसूला जा सकेगा।

***अनंतनाग : फिर जल गए..***

लकड़ी का मकान होने की वजह से दो दिन बाद भी धुआं वहां से निकलता रहा। पूर्व एमएलसी और भाजपा प्रवक्ता गिरधारी लाल रैना ने कहा कि घरों का जलकर राख हो जाना, दिल दहला देने वाली घटना है। यह कोई साधारण घटना नहीं है। यह विस्थापित समुदाय को अपने मूल स्थान पर लौटने के सपने देखने से हतोत्साहित करने की एक भयावह साजिश हो सकती है। इस घटना की गहन जांच होनी चाहिए। दोषियों को खोजने और उनके पीछे की ताकतों की पहचान करने की जरूरत है। वहीं भाजपा नेता चेतन वांचू ने कहा, ÷मैं अनंतनाग के मट्टन में हुई आग की घटना की निंदा करता हूं। यह घटना गंभीर चिंता का विषय है। एलजी मनोज सिन्हा से तत्काल उच्च स्तरीय जांच की मांग करता हूं, ताकि पता चल सके कि इन घरों को क्यों निशाना बनाया गया। कश्मीरी पंडितों के घरों और हिंदू मंदिरों को बार-बार क्यों निशाना बनाया जा रहा है? उपद्रवियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने का यह सही समय है।

***नए राज्यपाल रामेन डेका पहुंचे राजधानी...***

सीएम साय बोले- उनके नेतृत्व में हुआ छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास निवृतमान राज्यपाल हरिचंदन को विदाई देने के बाद सीएम साय ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में राज्यपाल के रूप में उनका कार्यकाल अच्छा रहा है। उनके साथ काम करने का अनुभव अच्छा रहा और उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास हुआ। हमें उनका मार्गदर्शन हमेशा मिला और आगे भी मिलता रहेगा। यहां तक कि, जाते- जाते भी उन्होंने मुझसे कहा कि, छत्तीसगढ़ से मेरा लगाव हमेशा रहेगा। पांच बार रहे विधायक - ओडिशा की राजनीति में दिग्गज नेता हरिचंदन पांच बार अर्थात् 1977, 1990, 1996, 2000 और 2004 में ओडिशा राज्य विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने 2000 के विधानसभा चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 95,000 मतों के अंतर से जीत हासिल की और ओडिशा में पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए।

***आंदोलन के बीच खुलासाः चार साल में 800 करोड़ का....***

अधिकतम 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया था, जबकि पॉवर कंपनी द्वारा इस प्रकार का कोई भी प्रस्ताव नियामक आयोग को नहीं भेजा गया था। आयोग द्वारा विगत वर्षों की वास्तविक खपत को आधार मानते हुए उच्चदाब स्टील उद्योगों की इस वर्ष की अनुमानित खपत 11,237 मिलियन यूनिट का आकलन किया है। इस खपत के आधार पर ऊर्जा प्रभार में की गई वृद्धि के बावजूद भी टैरिफ में लोड फैक्टर पर मिलने वाले छूट के द्वारा रू. 713 करोड़ की छूट टैरिफ के माध्यम से स्टील उद्योगों को प्राप्त हो रही है। इसके अतिरिक्त उच्चतम दाब की अवधि, जो कि प्रतिदिन पहले 6 घंटे थी, उसको भी टैरिफ में 8 घंटे कर दिया गया है, जिसमें स्टील उद्योगों को 80 प्रतिशत ही बिलिंग होगी।

**वर्ष 2017-18 की तुलना में नहीं की गई कोई बढ़ोतरी** - वहीं स्टील उद्योगों के टैरिफ का यदि विगत वर्ष 2017-18 से तुलना करते है तो मांग प्रभार में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई है। ऊर्जा प्रभार के दर में भी 6 रूपये प्रति यूनिट से बढ़कर 6.35 रूपये प्रति यूनिट की गई है, जो कि मात्र 35 पैसे प्रति यूनिट (5.83 प्रतिशत) की वृद्धि विगत सात वर्षों में हुई है। उदाहरण के लिए, छत्तीसगढ़ में जब यह राशि मात्र 6.35 रूपये है तब महाराष्ट्र में 8.36 रूपये, तेलंगाना में 8.10 रूपये तथा मध्यप्रदेश में 7.15 रूपये है।

# जिला अल्पसंख्यक मोर्चा का आयोजन : कलाम को सलाम - एक पेड़ मां के नाम

खैरागढ़ (दावा)। आज जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान कलाम को सलाम और एक पेड़ मां के नाम के तारतम्य में जिला मुख्यालय खैरागढ़ के पिपरिया वार्ड 1 में मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों व स्थानीय मुस्लिम समाज और गणमान्य लोग के बीच कार्यक्रम आयोजित कर मिसाइल मैन कहे जाने वाले पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न स्व. डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम आजाद जी की स्मृति में गरिमामय कार्यक्रमों की श्रृंखलाआयोजित कर उन्हे भावांजलि दी गई।

### ये कार्यक्रम आयोजित हुए

अल्प संख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवनीत सतीष जैन ने कार्यक्रम की प्रस्तावना में कलाम साहब का जीवन रेखाचित्र प्रस्तुत करते हुए मदरसा के बच्चों से कहा जैनुलाबदीन और आशी अम्मा के बेटे की कहानी उस लड़के की जो बचपन में पेपर बेच कर अपने बड़े भाई की मदद करता था, उस शागिर्द की कहानी जिसकी परवरिश शिव सुब्रमण्यम और आई सोलेमन ने की वह विद्यार्थी जिसे पंडले मास्टर ने तालीम दी, एम.सारा भाई ने इंजीनियर की पहचान दी जो मुश्किलों में पलकर देश का सबसे महान साइंटिस्ट बना जिसके साथ बेशुमार काबिल लोगो की टीम थी। हमें कलाम जैसा आदर्श चुनने की जितनी जरूरत आज है उतनी पहले कभी नहीं थी। मुख्य अतिथि सैंडो विधायक विक्रांत सिंह ने कलाम साहब को देश का महनीय राष्ट्रपति बताते हुए देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को नमन किया, और उन्हें ज्ञान की ताकत का दुनिया में लोहा मनवाने वाला बताया हमे सर्वग्राही महान व्यक्तित्व से हमेशा प्रेरणा लेने की बात कही। वही पूर्व विधायक कोमल जघेंल ने खुद को सौभाग्यशाली मानते हुए बताया कि अपने जिला पंचायत के समय दिल्ली में कलाम साहब से

मिलकर सम्मान पाने का सौभाग्य उन्हे मिला है देश और विज्ञान के क्षेत्र में उनके काम अतुलनीय रहेंगे।

जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने भी कहा कलाम साहब जनता के राष्ट्रपति थे, उनका व्यक्तित्व हम सबके लिए अनुकरणीय है। इकरा फाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी जी कलाम साहब को याद करते हुए कहा वे कहते थे धर्म को उतना ही मानो जितना जरूरी है, बेहतर काम करो कर्म में विश्वास रखो। वही समाजसेवी शमशुल होदा खान ने कलाम साहब की पंक्तियां याद करते हुए कहा कि अगर आप सूरज की तरह चमकाना चाहते है तो आपको सूरज की तरह जलना होगा। निर्मल त्रिवेणी महाअभियान के संयोजक सूरज देवांगन ने भी कमल साहब बहुआयामी व्यक्तित्व का महामानव बताते हुए उन्हें पर्यावरण जीव प्रेमी बताया।

### मदरसा के बच्चों को बांटे उपहार

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों की हौसला अफजाई में कलाम साहब की स्मृति में उपहार स्वरूप पाठ्य सामग्री भेंट की।

### एक पेड़ मां के नाम से किया पौधारोपण

मदरसा के बाहरी कंपाउंड में सभी अतिथियों एवं जिला अल्प संख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ मिलकर बाउंड्री वॉल के चारो तरफ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अशोक के पौधे भारत माता के जयघोष और कलाम साहब की अमरता का नारा लगाते हुए व्यवस्थित पौधारोपण का कार्यक्रम कर पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधा लगाने का संदेश भी दिया।

### इनका रहा आतिथ्य

जिला अल्प संख्यक मोर्चा के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विक्रांत सिंह, कोमल जघेंल, घममन साहू , श्रीमती गिरिजा चंद्राकर, रज्जाक खान टी के चंदेल, खलील कुरैशी, विकेश गुप्ता, सूरज देवांगन, शमशुल होदा खान, जहीन खान, मंगल सारथी, नीलिमा गोस्वामी, शेख अरमान खान, सदर साहब, शेख जमीरुद्दीन, शेख जहीम खान, दरबारुद्दीन खान, इंदू खान, देबीन कोठले, नीलिमा ठाकुर, श्रीमती सिंदुरा, हरप्रशाद वर्मा हबीब खान गोरे वर्मा, गिरवर पटेल का शोभायमान आतिथ्य रहा। इस गरिमामय कार्यक्रम का सफल संयोजन जिला भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा की पूरी टीम ने मिलकर किया नेतृत्व करते हुए जिलाध्यक्ष नवनीत सतीष जैन ने कार्यक्रम का सफल संचालन भी किया। उनके साथ जिला महामंत्री अजय छाजेड, अयूब सोलंकी, जिला मंत्री सबाना बेगम, शेख निजामुद्दीन, शानू खान, आशमीर खान, उपाध्यक्ष गौश मोहम्मद, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सांखला, देवेश, बंशी सहित सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम सफल संयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देकर महती भूमिका अदा की।

## योग वृक्ष ग्रुप द्वारा किया गया वृक्षारोपण

डोंगरगढ़ (दावा)। भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब के स्मृति दिवस पर योग वृक्ष ग्रुप की योगिनियों द्वारा वार्ड नंबर 9 व 10 में स्थित गार्डन व अपने घरो के सामने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए व उनकी देखरेख का संकल्प लिया गया।

**लिया पौधों के संरक्षण का संकल्प**

श्रीमती रुपा टेंभुरकर ने बताया कि वृक्षों से ही आक्सीजन की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि वृक्ष जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है, जीवन को स्वस्थ्य बनाने के लिए वृक्ष हम सब को बहुत मदद करते है। श्रीमती लीना साहू ने बताया कि वृक्ष हर प्रकार के प्रदुषण को रोकते हैं, हमें आने वाली पीढ़ियों का जीवन सुरक्षित करने के लिए वृक्षों का संरक्षण करना चाहिए। हम सब लगातार वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संतुलित कर सकते हैं। योगिनियों द्वारा पीपल, नीम, अमरूद, आवला आदि पौधे रोपित किये गए। इस अवसर पर योग शिक्षिका श्रीमती रूपा टेंभुरकर व श्रीमती लीना साहू, श्रीमती मीना लाऊत्रे, श्रीमती सतीका टेंभुरकर, श्रीमती राखी लाऊत्रे, विद्या अंबादे व योग वृक्ष ग्रुप की कई सदस्या उपस्थित रहे।

## सड़क मरम्मत नहीं होने पर होगा एसडीएम कार्यालय का घेराव

राजनांदगांव (दावा)। इस वर्ष की बारिस के कारण स्कूल में बच्चें एवं छात्र-छात्राऐं एवं आमजनता को आये दिन दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है, आने वाले समय में 15 अगस्त के अंदर रोड का मरम्त या सुधार नहीं होगा तो मोहारा में चक्का जाम किया जावेगा, जिस विषय को लेकर आस-पास ग्रामीण के लोग ग्राम तेंदूभाठा मोहारा मुढ़िया, रूवातला, जारवाही, सलटिकरी, सहसपुर खपरी केसली, सिवनीकला, बिजनापुर ऐसे 15 से 20 गांव के लोग चक्का जाम एवं एस.डी.एम कार्यालय का घेराव किया जावेगा।

## विधायक भोलाराम साहू ने किया पौधारोपण

खुज्जी (दावा)। विधायक भोलाराम साहू एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधानसभा मानसून सत्र के चौथे दिवस पर विधानसभा आवासीय परिसर में पौधारोपण किया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान से पौधारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, समस्त मंत्रीगण सभी ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर समस्त विधायकगण एवं विधानसभा के अधिकारियों ने भी अपने मां की स्मृति एवं सम्मान में पौधे लगाएं। कार्यक्रम से 100 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगाए गए। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार विधानसभा आवासीय परिसर के 50 एकड़ क्षेत्र में इकोलॉजिकल पार्क विकसित किया जा रहा है।ह्य

## वित्तीय साक्षरता कार्यशाला द्वितीय दिवस का सफल संचालन

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता कार्यशाला द्वितीय दिवस का सफल संचालन अरुण कुमार साहू के द्वारा किया गया द्य डॉ ए के धमगाये शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव के द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को आमदनी का उचित प्रबंध करने के लिए रास्ता बताया उनका मुख्य उद्देश्य वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता से प्रशिक्षित कर जन समुदाय तक पहुंचाना।

कार्यशाला के द्वितीय व्याख्यान में श्री पूनाराम सिन्हा एल आई सी एम डी आर टी ने स्वयं अपने जीवन का परिचय देते हुए व्यवसाय करने का तरीका वित्त रूप से मजबूत बनाने ,इंश्योरेंस , पेंशन तथा

वित्तीय सेवाओं की जानकारी प्रदान की द्य द्वितीय सत्र पर उपस्थित मोहम्मद सरीफुददिन शेख सहायक उप निरीक्षक चिचोला द्वारा साइबर क्राइम गतिविधि श्रृंखला जैसे एटीएम का उपयोग करते समय सावधानी , बैंकिंग फ्रॉड होने पर 455 में शिकायत दर्ज , यातायात नियमों , नए कानून की सूचना महाविधालय के छात्र-छात्राओं पहुचाए द्य महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर के ठाकुर द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं वित्तीय साक्षरता कार्यशाला से लाभान्वित हो रहे है द्य कार्यशाला का आभार प्रदर्शन हेमलता गायकवाड द्वारा किया गया द्य कार्यशाला मे दीपक कुमार साहू के द्वारा छात्र-छात्राओं से प्रश्नोत्तरी तथा फीडबैक लिया गया द्य कार्यशाला मे सुश्री सोनल नागवंशी, श्रीमती रीना सलामे, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी तथा पंजीकृत विद्यार्थी उपस्थित थे।

# साकेत ने महान कथाकार एवं उपन्यासकार प्रेमचंद को याद किया

राजनांदगांव (दावा)। साकेत सहित परिषद सुरगी, राजनांदगांव के बैनर तले निषाद (केवट) भवन हरदी वार्ड नं. 51 में कोषाध्यक्ष सचिन निषाद के संयोजन में मासिक बैठक, श्रावणी काव्य गोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया।

परिचर्चा के अंतर्गत कलम के सिपाही प्रेमचंद की रचनाओं पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के जिलाध्यक्ष आत्माराम कोशा अमात्य थे एवं अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर सिंह साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा अध्यक्ष, शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव और विशेष वक्ता के रूप में मान सिंह ठाकुर बसंतपुर, वरिष्ठ साहित्यकार महेंद्र कुमार बघेल मधु, उपाध्यक्ष संतू राम गंजीर, उपाध्यक्ष पवन यादव पहुना ने अपने विचार व्यक्त किए। आधार वक्तव्य परिषद के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू अंकुर ने दिया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के जिला अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक, वरिष्ठ कवि/ साहित्यकार आत्माराम कोशा अमात्य ने कहा कि कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की बहु चर्चित उपन्यास गोदान की नारी पात्र धनिया मे छत्तीसगढ़ी नारी प्रतिबिम्बित होती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी नारी में धनिया जैसे जुझारूपन व दया-मया-प्रेम व संवेदनशीलता कूट-कूट कर भरी होती है। मूर्धन्य साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी जी की कृति छत्तीसगढ़ की आत्मा नामक लेख का हवाला देते हुए श्री कोशा ने कहा कि बख्शी जी ने छत्तीसगढ़ की आत्मा में जिस नारी पात्र का उल्लेख किया है, उस पर चंदैनी गोंदा के सर्जक रामचंद्र देशमुख ने युगांतरकारी नाटक कारी का मंचन किया था। उस नारी पात्र कारी में धनिया जैसे जुझारूपन व संवेदनशीलता स्पष्ट रुप से दृष्टि गोचर होती है।

**प्रेमचंद की नारी पात्र धनिया में छत्तीसगढ़ की नारी प्रतिबिम्बित होती है- कोशा**

**प्रेमचंद की रचनाओं में गांधी जी का प्रभाव देखने को मिलता है -कुबेर साहू**

अध्यक्षता कर रहे कुबेर सिंह साहू ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाओं में गांधी जी का प्रभाव देखने को मिलता है ।उनकी रचनाओं में गांधी जी के सत्याग्रह का पूरी तरह प्रभाव है। रंगभूमि के प्रमुख पात्र सूरदास गांधी जी की छवि को ही देखकर गढ़ा गया है। इसी प्रकार गबन में भी गांधी जी के विचारों को उकेरा गया है। आगे कुबेर साहू ने कहा कि प्रेमचंद की प्रारंभिक रचनाओं में नैतिकता के दर्शन होते हैं 1936 के आते-आते प्रेमचंद जी के विचार प्रगतिशील हो गए थे । जीवन के अंतिम वर्षों में उनकी रचनाओं में यथार्थ का चित्रण देखने को मिलता है ।प्रेमचंद ने सर्वहारा वर्ग के तत्कालीन दशा का यथार्थ चित्रण किया है । मानसिंह ठाकुर ने प्रेमचंद की कहानी मैकू का उल्लेख किया। ठाकुर ने कहा कि प्रेमचंद ने शोषित वर्ग की पीड़ा को सामने लाने का एक भागीरथ प्रयास किया है।परिषद के उपाध्यक्ष पवन यादव पहुना ने महान साहित्यकार प्रेमचंद का जीवन परिचय देते हुए कहा कि उनका जीवन बचपन से ही संघर्षमय रहा। ओमप्रकाश साहू अंकुर ने प्रेमचंद की कहानी पूस की रात का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद ने इस कहानी में एक भारतीय किसान की दशा का का मार्मिक चित्रण किया है। अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा ने कहा कि प्रेमचंद जीते जी एक किंवदंती बन गए थे। उन्होंने हिंदी साहित्य में कहानी की धारा ही मोड़ दी। महेन्द्र कुमार बघेल मधु ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाओं में एक आम नागरिक की पीड़ा उभर कर सामने आती है। परिषद के उपाध्यक्ष संतू राम गंजीर ने कहा कि प्रेमचंद एक कालजयी रचनाकार थे। उन्होंने अलगू चौधरी और जुम्मन शेख जैसे पात्र के माध्यम से हिंदू- मुस्लिम एकता को प्रदर्शित किया है। द्वितीय सत्र में सावन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वीरेन्द्र कुमार तिवारी वीरू, राजकुमार चौधरी रौना, सचिन निषाद, आनंद राम सार्वा, नंद किशोर साव नीरव, कुलेश्वर दास साहू, रोशन लाल साहू, बलराम सिन्हा रब, पुरुषोत्तम मानिकपुरी ने विभिन्न रसों से ओतप्रोत रचनाएं पढ़ी। इस मासिक बैठक में साकेत साहित्य परिषद का रजत जयंती मनाने, स्मारिका प्रकाशन करने, मासिक गोष्ठी की निरंतरता को बनाए रखने संबंधी महत्वपूर्ण चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रसिद्ध तीरंदाजी कोच हीरू राम साहू का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सुप्रसिद्ध लोक कलाकार, अभिनेता, हास्य के पर्याय शिव कुमार दीपक के निधन को कला जगत के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताते हुए दो मिनट मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन लखन लाल साहू लहर, पवन यादव पहुना और आभार व्यक्त संयोजक सचिन निषाद ने किया।

## पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सितारमण ने किया बजट पेश

**खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सितारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को शहर भाजयुमो अध्यक्ष शौर्यादित्य सिंह भानु ने सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी आम बजट 2024-25, 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं, तय आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला बताया।**

आम बजट 2024-25 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। इसमें अंत्योदय की पावन भावना, विकास की असीम संभावना और नवोन्मेष की नव-दृष्टि है। इस बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान समेत समाज के सभी तबकों के समग्र विकास का संकल्प, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दृष्टि और वंचित को वंचना से मुक्त कराने का रोडमैप है।

मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान करते हुए प्रत्यक्ष कर प्रणाली के संबंध में नए प्रावधानों की घोषणा स्वागत योग्य है। नए भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी और विश्व का ग्रोथ इंजन बनाने का मार्ग प्रशस्त करते इस लोक-कल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हृदय से आभार एवं केंद्रीय वित्त मंत्री का हार्दिक अभिनंदन।

## युगांतर स्कूल में इमोशनल इन्टलीजेन्स पर कार्यशाला हुई

राजनांदगांव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में पेरेंटिंग और लाइफ कोच श्रीमती काजल बत्रा ने इमोशनल इंटेलिजेंस पर कक्षा 11वीं और 12वीं के वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए एक कार्यशाला संचालित की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अनुभव और ज्ञान की विशेषज्ञता से जोड़ा। उन्हें अपनी भावनाओं को सही ढंग से समझने और लेवल करने के बारे में मार्गदर्शित किया।

उन्होंने भावनात्मक बुद्धिमत्ता में महारत हासिल करने के महत्त्व पर जोर दिया। उन्होंने आगे बताया कि वे कैसे अपनी भावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करते हुए अपने व्यक्तिगत और शैक्षणिक लक्ष्यों को कुशलतापूर्वक प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने इंटरैक्टिव सत्र में आत्म-जागरूकता, आत्म-नियमन और सहानुभूति के लिए व्यावहारिक उपकरण और रणनीतियाँ प्रदान कीं, जिससे विद्यार्थी अपनी भावनाओं पर काबू पा सके।

यह कार्यशाला अपनी रोचक गतिविधियों से यादगार बन गई है। कार्यशाला के उपरांत विद्यार्थियों ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के प्राचार्य मधु पी चौधरी ने बताया कि यह आयोजन उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। शिक्षा के क्षेत्र में आई चुनौतियों का सामना करने के लिए इस तरह के कार्यशाला महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस कार्यशाला के आयोजन को लेकर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पी आर ओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

## लक्ष्य ने किया जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम

राजनांदगांव(दावा)। शिक्षा से सामाजिक विकास की दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर प्रयत्नशील लोधी समाज का बौद्धिक संगठन लक्ष्य छत्तीसगढ़ के जिला इकाई राजनांदगांव के द्वारा जिला स्तरीय लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 248 प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित कर कैरियर मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा ने कहा कि सही दिशा में काम पढ़ाई से भी सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा के समय जिंदगी के दो वर्ष को पूरे तन मन धन के साथ तैयारी करने पर जोर दिया। लेफ्टिनेंट वर्मा ने कहा कि दसवीं के बाद तैयारी में लग जानी है। पढ़ाई के साथ कोचिंग की मदद भी लेनी है। राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के लिए कोचिंग को अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए। उन्होंने नीट, एनडीए, सीडीएस, गेट, कैट, क्लेट, नेट आदि परीक्षाओं के लिए तैयारी करने की जानकारी दी। लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा ने विशेष रूप से जीवन गढ़ने की उम्र का उपयोग करने बच्चों का ध्यान केंद्रित किया।

डॉ. डाकेश्वर वर्मा सहायक प्राध्यापक शास. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर की स्कॉलरशिप परीक्षाओं की तैयारी करने विस्तार से जानकारी दी। तथा कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समयबद्ध पढ़ाई करने की जरूरत होती है। तभी सफलता अर्जित कर सकते हैं। वक्ता यशवंत कुमार पटेल सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई वि.वि.बिलासपुर ने फूड प्रोसेसिंग व उनके विभिन्न आयाम के लिए उच्च शिक्षा में अवसरों की जानकारी सविस्तार से दी। वक्ता पी. एल. सुलाखे रिटायर्ड एस.डी.ओ. राजनांदगांव ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले उच्च कक्षाओं में भी आप नियमित 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करते हैं तो जीवन के हर एक पड़ाव में आप सफलता को प्राप्त करेंगे। चैनदास जघेल संयोजक लक्ष्य छत्तीसगढ़ ने लक्ष्य संगठन के माध्यम से प्रत्येक परिवार तक शिक्षा के महत्व का संदेश देने की पहल की जानकारी दी। एफ. आर. वर्मा अध्यक्ष लक्ष्य ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में लक्ष्य संगठन के द्वारा शैक्षिक मुहिम चलाने की जानकारी दी। एड. पूरन सिंह पटेल संरक्षक लक्ष्य ने समाज के प्रमुख वर्गों से समाज में अंधविश्वास कुरीति, नशापान को दूर करने आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने प्रखर संत स्वामी ब्रह्मानंद जी की जीवनी पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कक्षा दसवीं के 160, 12वीं के 88 बच्चों का सम्मान किया गया। ग्राम भोथली की डा. श्रीमती मोतिम डूमेंद्र वर्मा व बछेराभांठा की डा.श्रीमती सावित्री जंघेल को पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार भोथली के भोले शंकर उमेंद्र वर्मा को राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शनी के लिए सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड 2 मंगल वर्मा मोहारा, नीट में चयनित गीतांजलि ओम कुमार वर्मा बरछाटोला, नेशनल कराटे चैंपियन योग्या जंघेल, हेमाश्री जंघेल डोंगरगढ़ व योग चैंपियन मेघराज वर्मा डोंगरगढ़ को सम्मानित किया गया। सम्मान की कड़ी में नव पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों को भी सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोधी समाज के प्रमुख विष्णु लोधी कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज, कोमल जंघेल पूर्व विधायक खैरागढ़ , मूलचंद लोधी राष्ट्रीय सचिव लोधी समाज, उत्तम जंघेल अध्यक्ष जिला लोधी समाज , श्रीमती दशमत वर्मा प्रदेश अध्यक्ष महिला लोधी समाज, शिव वर्मा पूर्व निगम अध्यक्ष, डॉ राघव वर्मा पूर्व अध्यक्ष जिला युवा लोधी समाज, जितेंद्र वर्मा अध्यक्ष सर्किल लोधी समाज घुमका, डॉ. सावित्री जंघेल आदि की गरिमामयी उपस्थिति ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। अतिथियों, पालकों व समस्त बच्चों के द्वारा राजकीय गीत अरपा पैरी के धार का गायन संयुक्त रुप से किया गया। स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन लक्ष्य के जिला अध्यक्ष बी एल वर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसी बीच ब्रह्माकुमारी संस्थान से उपस्थित ब्रह्मा कुमारीज ब्रह्मा बहन ने मन को एकाग्र करने ध्यान योग करना सिखाया। स्कूली बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के मध्य शहर के शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला व शिव ज्ञान मंदिर हाईस्कूल की बच्चों ने संगीत तथा नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इस पर कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक महेंद्र वर्मा, लक्ष्य अध्यक्ष बी.एल. वर्मा, सचिव नेतराम वर्मा, कोषाध्यक्ष चैतराम वर्मा, नोहर दास लिल्हारे नागकुमार लिल्हारिया सहित लक्ष्य पदाधिकारी एवं समाज प्रमुखों का संयुक्त योगदान रहा। कार्यक्रम में जिले के प्रतिभावान बच्चे एवं पालक, सामाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**248 बच्चों को मिला कैरियर गाइडेंस व सम्मान**

# राजस्व अधिकारी होते हैं जनसामान्य के ट्रस्टी - कलेक्टर

## राजस्व रिकार्ड में क्षति, छेड़छाड़ एवं लापरवाही होने पर की जायेगी कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि ई-कोर्ट अंतर्गत 6 माह एवं एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करें। उन्होंने कहा कि अभिलेख दुरूस्तीकरण का कार्य ध्यान केन्द्रित करते हुए करने की आवश्यकता है।

**० आम जनता का प्रशासनिक अधिकारियों पर होना चाहिए विश्वास**
**० अभिलेख दुरूस्तीकरण का कार्य प्राथमिकता से करने के दिए निर्देश**

उन्होंने कहा कि आम जनता का प्रशासनिक अधिकारियों पर विश्वास है और यह कायम रहना चाहिए। सभी राजस्व अधिकारी एवं उनके अधीनस्थ अच्छी कार्यशैली के साथ कार्य करें। आम जनता को तकलीफ नहीं होना चाहिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों में त्रुटिपूर्ण आवेदन के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने अपर कलेक्टर को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकार्ड में किसी तरह की क्षति, छेड़छाड़ एवं लापरवाही नहीं होना चाहिए। राजस्व अधिकारी जनसामान्य के विश्वसनीय एवं ट्रस्टी होते हैं। ऐसी किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, यह एक अपराध है। उन्होंने एक अगस्त से प्रारंभ होने वाले गिरदावरी कार्य के संबंध में जानकरी ली।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व पखवाड़ा शिविर के बाद जिला स्तरीय शिविर एवं सभी विकासखंडों में आयोजित राजस्व शिविरों में सीमांकन, नामांकन, बटवारा, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से कब्जा करने एवं अतिक्रमण होने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई होना चाहिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि रकबा में सुधार के लिए बटांकित नंबरों का योग तथा कुल खसरा का योग करते हुए, रकबा का निरीक्षण करें, इससे विवाद की स्थिति नहीं होगी। उन्होंने कब्जा करने वाले व्यक्तियों पर सीमांकन के आधार पर नोटिस जारी करने के लिए कहा। आर्थिक सहायता के लिए प्राप्त होने वाले आवेदन स्पष्ट अभिमत के साथ आना चाहिए और उसमें प्रमाण भी होना चाहिए। कलेक्टर ने इस दौरान सहारा इंडिया के निवेशकों को तहसीलवार भुगतान की प्रगति, कलेक्टर जनचौपाल में विभागवार ऑनलाईन लंबित आवेदन पत्र, उच्च न्यायालय के निर्देश के पालन हेतु शेष प्रकरण, ई-कोर्ट की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एवं संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम, डिप्टी कलेक्टर सरस्वती बंजारे सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

# बहन से करता था फोन पर बातः राजनांदगांव में नाबालिग ने कैंची घोंपकर की दोस्त की हत्या

## विधी से संघर्षरत बालक का है पूर्व अपराधिक रिकार्ड

डोंगरगढ़ (दावा)। 29 जुलाई 2024 के रात्रि करीबन 11:50 बजे भगत सिंह चौक डोंगरगढ़ के पास लड़ाई-झगड़ा व मारपीट होने की पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पुलिस पंहूची जहां एक व्यक्ति खुन से लथपथ पड़ा हुआ मिला जिसे पुलिस तत्काल उपचार हेतु सी.एच.सी. डोंगरगढ़ ले गये जहां डॉ. द्वारा मृत घोषित कर दिये। बाद घटना की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा अति पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम को घटना से अवगत कराकर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश अनुसार डोंगरगढ़ के पुलिस घटना के जांच में जुट में गये।

घटना के विवेचना दौरान पता चला कि मृतक राजू निषाद पिता मोती निषाद उम्र- 22 साल निवासी गौरा चौक के पास मोहारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को विधी से संघर्षरत बालक द्वारा शराब पीने के लिये डोंगरगढ़ बुलाने पर राजू निषाद अपने गांव के दोस्त भवानी ध्रुव के साथ डोंगरगढ़ आये थे जहां विधि से संघर्षरत बालक के घर में विधि से संघर्षरत बालक द्वारा राजू निषाद को अपनी बहन के साथ प्रेम संबंध होने की शंका पर धारदार कैंची से राजू निषाद के कमर में पेट के पास एवं गाल पास मार दिये जिससे राजू निषाद का मृत्यु हो गया। जिसकी प्रार्थी भवानी ध्रुव के रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र.- 417/2024 धारा-103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विधी से संघर्षरत बालक का अपराधिक रिकार्ड तलाशने पर उसके विरूद्ध इसके पूर्व भी थाना डोंगरगढ़ में 03 प्रकरण मारपीट, गंभीर चोंट, लूट एवं आर्म्स एक्ट जैसे प्रकरण पंजीबद्ध होना पाया गया है। विवेचना दौरान घटना स्थल से घटना मे प्रयुक्त कैंची एवं अन्य साक्ष्य बरामद कर विधी से संघर्षरत बालक के विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही किया गया है जिसे संरक्षणात्मक अभिरक्षा में भेजने हेतु माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, उप निरीक्षक राजेश बघेल, सउनि मुजीम रहमान कुरैशी, प्र.आर.- अखिल अम्बादे, अजीत टोप्पो, आरक्षक चमन साहू, रविराज माण्डले, नीरज विश्वकर्मा, लीलाधर मण्डलोई, अरूण मनहर, कमल निषाद का विशेष योगदान रहा है।

# कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों की सुनी समस्याएं

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। उन्होंने आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

जनदर्शन में घुमका तहसील के ग्राम करेला उपरवाह निवासी विद्या खिलाड़ी ने अतिवृष्टि के कारण मकान डह जाने पर आवास क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन किया। इसी तरह छुरिया विकासखंड के ग्राम डुमरडीह के श्री ज्ञानदास कोटेलंगा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत करने के लिए आवेदन किया। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम केसली निवासी महावीर कलार ने ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर द्वितीय प्रति बनाने के लिए आवेदन किया। छुरिया विकासखंड के ग्राम कुमरदा निवासी श्री राजेश गेन्डरे ने नया अंत्योदय राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में अवैध कब्जा हटाने, वन भूमि का पट्टा दिलाने, राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से राशि दिलाने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचातय सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, आयुक्त नगर पालिक निगम अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# हताश किसानों के मुआवजे के लिए कांग्रेस नेता मुदलियार ने खोला मोर्चा

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विधानसभा के ग्राम देवादा और टेड़ेसरा के दर्जनों किसानों को सात वर्ष बाद भी भूमि अधिग्रहण का मुआवजा नहीं मिल सका। पीड़ित किसानों ने इस संबंध में कांग्रेस नेता जितेंद्र उदय मुदलियार से मिलकर अपनी समस्याएं बताई। किसानों ने बताय कि वे वर्ष 2018 से वे किसानी नहीं कर पा रहे हैं और न ही उन्हें भारत माला प्रोजेक्ट के तहत भूमि अधिग्रहण का मुआवजा दिया जा रहा है। इस मामले को लेकर जितेंद्र मुदलियार किसानों के साथ एसडीएम से मिलने पहुंचे और किसानों की बात रखी।

कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने बताया कि भारत माला प्रोजेक्ट के तहत वर्ष 2018 से रायपुर-विशाखापटनम एक्सप्रेस वे का निर्माण प्रस्तावित है। इस हेतु राजनांदगांव विस के ग्राम देवादा के करीब 38 और ग्राम टेड़ेसरा के 7 किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई है। उन्होंने कहा कि, किसानों के लिए बड़ी परेशानी ये है कि आज तक उन्हें मुआवजा नहीं मिल सका है और न ही वे उक्त जमीन पर खेती ही कर पा रहे हैं। सात वर्षों से उन्हें बड़ा नुकसान हो रहा है।

**भारत माला प्रोजेक्ट से प्रभावित देवादा, टेड़ेसरा के किसानों के साथ एसडीएम से मिले**

मुदलियार ने एसडीएम अतुल विश्वकर्मा से किसानों के साथ मुलाकात की। उन्होंने किसानों की समस्या सामने रखी। एसडीएम ने इस दौरान चर्चा में जानकारी दी कि इनमें से 13 किसानों का मुआवजा प्रकरण तकरीबन पूरा हो चुका है और जल्द ही उन्हें मुआवजे की राशि मिल जाएगी। उन्होंने मुदलियार के साथ आए किसानों को लेकर आश्वस्त किया कि शेष प्रकरणों का भी जल्द ही निपटारा होगा और उन्हें अधिग्रहण की रकम मिल जाएगी।

इस दौरान मुदलियार ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों से भी फोन पर बात की। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों से कहा कि, सात वर्षों का लंबा समय गुजर चुका है। मुआवजा प्रकरणों के अधर में होने से किसानों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। उन्हें खेती करने भी नहीं दिया जा रहा है। जल्द से जल्द या तो किसानों को अधिग्रहण की राशि दी जाए या फिर कांग्रेस इस मामले में क्षेत्र के प्रभावित किसान परिवारों के साथ अपने हक के लिए सड़क की लड़ाई लड़ेगी। मुदलियार ने अधिकारियों से कहा कि मुआवजा न दिए जा पाने की सूरत में किसानों को कृषि कार्य करने दिया जाएगा।

इस दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री युवा कांग्रेस चेतन भानुशाली, हेमशंकर साहू, सहित किसान अवध सिन्हा, सुरेश चतुर्वेदी, भुवन ठाकुर, बैसाखू देवांगन, महेश सिन्हा, धनेश, श्यामलाल देवांगन, संतोष देवांगन, हेमलाल मंडावी, परशु देशमुख, दिलीप सिन्हा, रामानन्द, अयोध्या सिन्हा सहित अन्य प्रभावित ग्रामीण मौजूद थे।

# आरकेसी की रीति एवं चारवी नेशनल गेम्स हेतु चयनित

राजनांदगांव (दावा)। उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षण संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में प्रतिभावान छात्रा रीति मेश्राम टेबल टेनिस अंडर-14 गर्ल्स रीजनल टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता द रेडिएंट वे द्वारा आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करके रीति मेश्राम ने आईसीएसई गर्ल्स नेशनल टेबल टेनिस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया।

कक्षा दसवीं की छात्रा चारवी चंद्राकर ने अंडर-17 बैडमिंटन के लिए चयनित हुई। चारवी चंद्राकर ने बैडमिंटन में पहला स्थान प्राप्त किया और अपने स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया। संस्था की अध्यक्ष डॉक्टर सविता जे.बी. सिंह, संस्था के उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह , बर्सर आई के वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

# हरेली अमावस्या पर भगवान शनि देवजी का जन्मोत्सव

राजनांदगांव(दावा)। आगामी 4 अगस्त हरेली अमावस्या पर भगवान शनि देवजी का जन्मोत्सव प्राचीन शक्ति सिद्ध पीठ कामठी लाईन में धूमधाम से मनाया जायेगा। मंदिर के पुजारी पं. अनुप शर्मा ने बताया कि रविवार 4 अगस्त को प्रातः ब्राम्हमुहूर्त में जलाभिषेक, तेलाभिषेक व विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस हेतु मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। दोपहर एक बजे से मंदिर के बाजू में ही भंडारा प्रसादी, संध्या 3.30 बजे महाआरती, 8 बजे से सुंदरकांड का आयोजन रखा गया है। मंदिर के पुजारी पं. अनुप शर्मा ने मंदिर के सभी कार्यक्रमों व यज्ञ अनुष्ठान में सम्मिलित होकर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।

# आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि

राजनांदगांव (दावा)। शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024-25 में किसानों द्वारा फसलों का बीमा कराने के अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल मक्का, मूंगफल्ली, मूंग, उड़द, सोयाबीन, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी का बीमा करा सकते हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाता है, जिसमें भू-धारक व बटाईदार ऋणी एवं अऋणी किसान सम्मिलित हो सकते हैं, जो किसान अधिसूचित ग्राम व राजस्व निरीक्षक मंडल में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो। योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन आधार पर क्रियान्वित होगी। जो ऋणी कृषक योजना में शामिल नहीं होना चाहते है, उन्हें स्व हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन के अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्था में जमा करना होगा। विकल्प चयन नहीं करने पर अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो वे बुआई प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय ने बताया कि राजनांदगांव में अब तक 96876 कृषकों के 480764 आवेदनों का बीमा किया गया हैं, जो गतवर्ष में प्राप्त कुल 548246 आवेदन की तुलना में 87 प्रतिशत है तथा 147490 हेक्टेयर के विरूद्ध 125847 हेक्टेयर का बीमा हुआ है, जो गतवर्ष की तुलना में 85 प्रतिशत है। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों को अपनी फसलों का बीमा कराने के अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 तक बीमा कराकर उसकी पावती अवश्य ले ने का आग्रह किया है। योजना के संबंध में देशव्यापी हेल्पलाईन नंबर 14447 एवं 18004190344 से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। बीमा हेतु आधार कार्ड अनिवार्य है एवं ऋण पुस्तिका, बैंक पासबुक, बुवाई प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए किसान अपने समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक कंपनी भारतीय कृषि बीमा कंपनी, लोक सेवा केन्द्र तथा एआईडीई मोबाईल एप से भी अपने फसलों का बीमा करा सकते हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2024-2025 तक जिले के लिए भारतीय कृषि बीमा कंपनी का चयन निविदा के आधार पर हुआ हैं। किसानों द्वारा प्रदाय किए जाने वाली प्रीमियम दर, खरीफ वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत मुख्य फसल धान सिंचित 1200 रूपए, धान असिंचित 900 रूपए एवं अन्य फसल मक्का 900 रूपए, मूंगफल्ली 840 रूपए, मूंग एवं उड़द 540 रूपए, सोयाबीन 960 रूपए, अरहर 760 रूपए, कोदो 320 रूपए, कुटकी 340 रूपए एवं रागी 300 रूपए किसानों द्वारा प्रीमियम राशि देय है। एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में किसानों को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। इसकी सूचना किसानों को संबंधित बैंक को देनी होगी। ऋणी एवं अऋणी किसानों द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में जो रकबा पहले प्रविष्टि की गई हो को स्वीकार किया जाएगा तथा अन्य सभी बीमा को कंपनी द्वारा निरस्त किया जाकर प्रीमियम की राशि योजना के विहित प्रावधानानुसार अंतरित (राजसात) किया जाएगा।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com